अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605

दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 14 अंक 241 लखनऊ, गुरुवार, 20 मार्च 2025 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

संक्षिप्त

केंद्र और किसानों के बीच सातवीं बैठक भी रही बेनतीजा अब चार मई को फिर बैठक

चंडीगढ़। फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत कई मांगों को लेकर पंजाब के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों तथा केंद्र सरकार के बीच बुधवार को चंडीगढ़ में हुई सातवें दौर की बैठक भी बेनतीजा रही। अब किसान तथा केंद्र सरकार के प्रतिनिधि चार मई को फिर से बैठक करेंगे। इससे पहले केंद्र सरकार तथा किसानों के बीच छह चरणों में बैठकें हो चुकी हैं। बुधवार को चंडीगढ़ में हुई बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवन सिंह पंधेर की अगुआई में 28 किसान नेताओं ने भाग लिया। वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रह्लाद जोशी और पीयूष गोयल के अलावा पंजाब सरकार की तरफ से कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने किसानों से बातचीत की।

सरकार जल्द ही नई टोल नीति की घोषणा करेगी और उचित रियायत देगी: गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स के लिए नई नीति घोषित करेगी। इसका मकसद उपभोक्ताओं को उचित रियायत मुहैया कराना है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सवालों का जवाब देते हुए गडकरी ने सड़क अवसंरचना परियोजनाओं के वित्त पोषण के लिए टोल टैक्स की आवश्यकता और उपयोगिता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क अवसंरचना के निर्माण पर बहुत अधिक खर्च कर रही है, इसलिए टोल टैक्स आवश्यक है।

डेयरी विकास के लिए मंत्रिमंडल ने 2790 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी

नई दिल्ली। सरकार ने डेयरी के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और विकास लिए मंत्रिमंडल ने 2790 करोड़ की परियोजनाओं को बुधवार को मंजूरी दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा यह संशोधित एनपीडीडी केंद्रीय योजना है जिसमें 1000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय से 15 वें वित्त आयोग चक्र (2021-22 से 2025-26) की अवधि के लिए कुल 2790 करोड़ रुपये का बजट हो गया है।

जनहित के कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं गड़बड़ी हुई तो कार्रवाई तय : मुख्यमंत्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित के कार्यों में लापरवाही को अस्वीकार बताया है। उन्होंने कहा है कि अच्छे लोगों की कहीं कोई कमी नहीं है, इन्हें प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और प्रदेश भर में विभिन्न विभागों और परियोजनाओं के परफॉर्मेंस की भी जानकारी ली। उन्होंने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ तीन कैटेगरीज ए, बी और सी के तहत विभागों और योजनाओं की मॉनीटरिंग की जानी चाहिए। इसके तहत जनपद स्तर पर प्रतिदिन, अल्टरनेट दिनों में, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की

जानी चाहिए। इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारी की तैनाती की जाए, जो देखे कि रिपोर्ट में जो डेटा दिया जा रहा है वो कितना सही है। इसके बाद माह में एक बार मंत्री स्तर पर समीक्षा की जाए और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जाएं। मुख्यमंत्री ने वरासत, लैंड यूज जैसी सुविधाओं के निर्धारण में समय सीमा का पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फ्लैगशिप स्कीम्स की प्रगति को ट्रैक व मॉनिटर करने के लिए एक रैंकिंग प्रणाली विकसित की गई है। इसमें क्वालिटी और स्पीड पर ध्यान देना आवश्यक है। जिन विभागों और परियोजनाओं की क्वालिटी और स्पीड कमजोर है, उसे बढ़ाने की आवश्यकता

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीएम कमांड सेंटर का किया निरीक्षण

है। इसमें भी हमारा प्रयास होना चाहिए कि ये सभी कैटेगरी परफॉर्मेंस बेस्ड हों तथा सबकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले विभागों के विषय में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें नंबर नहीं देखना है, बल्कि हमारा फोकस क्वालिटी पर होना चाहिए। क्वालिटी और पारदर्शिता दोनों आवश्यक है। उन्होंने एमएसएमई विभाग को निर्देश दिया कि ओडीओपी को आगे बढ़ाना होगा। देखना होगा कि क्या इसमें जनपदों के विशिष्ट फूड को भी जोड़ा जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परफॉर्मेंस का जो डेटा विभाग देते हैं, उनकी रैंडम चेकिंग की जाए। मुख्य सचिव स्तर पर होने वाली समीक्षा बैठकों में टॉप-10 विभागों और योजनाओं पर चर्चा की जाए। जो विभाग और योजनाएं टॉप पर हैं, उनका प्रजेंटेशन सबके सामने रखा जाए और उन्हें बताया जाए कि किस तरह कार्य करना है और कहां कमी रह गई है। उनकी रिपोर्ट और सक्सेस स्टोरीज को बाकी के साथ शेयर किया जाना चाहिए। ये भी देखा जाना चाहिए कि जो लोग पीछे हैं उसके पीछे कारण क्या है। उन्होंने कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि यदि सरकार जो स्कीम या अभियान चलाती है और अगर वह 100 प्रतिशत सैचुरेटेड नहीं होता तो उसका उद्देश्य अपूर्ण है।

पृथ्वी पर लौटी सुनीता विलियम्स

एजेंसी

फ्लोरिडा। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) से संबद्ध भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर धरती पर वापस लौट आए । फ्लोरिडा के तट पर उनकी सफल लैंडिंग हुई है। दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर स्पेसएक्स क्रू-9 वापस धरती पर आ गया। नासा के ये दोनों अंतरिक्ष यात्री मात्र आठ दिन के मिशन पर गए थे। तकनीकी खराबी के कारण दोनों नौ माह और 13 दिन तक अंतरिक्ष में फंसे रहे। नासा ने अपनी वेबसाइट पर लिखा है-''घर में आपका स्वागत है ! नासा का स्पेसएक्स क्रू-9 विज्ञान मिशन के बाद धरती पर वापस आ गया है।' भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र

● प्रधानमंत्री मोदी ने भारत आने का निमंत्रण दिया

मोदी ने सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का निमंत्रण दिया है। पहली मार्च को लिखे और नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो के माध्यम से भेजे गए इस पत्र को केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पर साझा किया। है। प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र में कहा कि भले ही आप हजारों मील दूर हों, लेकिन आप हमारे दिलों के करीब हैं। भारत के लोग आपके अच्छे स्वास्थ्य और आपके मिशन में सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में 16 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बुधवार को और 16 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए। इससे पहले 32 आईपीएस का स्थानांतरण हुआ था। तबादले के क्रम में अंजली शर्मा को सहायक पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर से अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर में नवीन तैनाती दी गई है। शैव्या गोयल को सहायक पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर से अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, आदित्य को सहायक पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट आगरा से अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट आगरा, कुंवर आकाश सिंह को प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद, अनंत चंद्रशेखर को सहायक पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ से अपर पुलिस अधीक्षक चंदौली बनाया गया है। किरन यादव द्वितीय को सहायक पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, अमृत जैन को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अलीगढ़, अंशिका वर्मा को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी बरेली की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके अलावा अमरेंद्र सिंह को एडीसीपी कानपुर पुलिस कमिश्नरेट, शुभम अग्रवाल को अपर पुलिस अधीक्षक भदोही, रल्लापल्ली वसंध कुमार को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त लखनऊ, डा. अमोल मुरकुट को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, पुष्कर वर्मा को एडीसीपी पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज बनाया गया है। अरुण कुमार सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक मैनपुरी बनाया गया। आईपीएस व्योम बिंदल को अपर पुलिस अधीक्षक सहारनपुर और भंवरे दीक्षा अरुण को एएसपी ग्रामीण शाहजहांपुर में नवीन तैनाती दी है।

ईडी ने लालू यादव से लैंड फॉर जॉब घोटाले में की पूछताछ

एजेंसी

पटना। जमीन के बदले नौकरी मामले में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने करीब चार घंटे तक पूछताछ की। 70 वर्षीय लालू यादव सुबह करीब 10.30 बजे पटना में ईडी के बैंक रोड कार्यालय पहुंचे थे। उनकी सबसे बड़ी बेटी मीसा भारती, जो पाटलिपुत्र से राजद की सांसद भी हैं, अपने पिता के साथ थीं। ईडी के अधिकारियों ने लालू यादव से पूछताछ में उनसे सवाल किया कि किशुन देव राय ने 3 हजार वर्ग फीट

की जमीन मात्र 3 लाख 75 हज़ार रुपये में राबड़ी देवी को ही क्यों बेची? राज कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार और अजय कुमार से आप कब मिले थे?

ईडी ने लालू यादव से पूछा कि आपसे मिलने और राबड़ी देवी को जमीन मिलने के बाद ही इन तीनो को मध्य रेलवे मुम्बई में ग्रुप डी के पद पर नौकरी क्यों मिली? राबड़ी देवी के नाम

● ईडी ने पूछा-किशुन देव राय ने 3 हजार वर्ग फीट की जमीन मात्र 3 लाख 75 हज़ार रुपये में राबड़ी देवी को ही क्यों बेची?

जमीन रजिस्ट्री होने के बाद संजय राय और उसके परिवार के दो सदस्य को रेलवे में नौकरी मिली, ऐसा क्यों?

जमीन रजिस्ट्री के बाद ही किरण देवी के बेटे अभिषेक कुमार को सेंट्रल रेलवे मुंबई में नौकरी मिली, ऐसा क्यों? किरण देवी ने अपनी 80 हजार 905 वर्ग फीट जमीन तीन लाख सत्तर हजार में आख़िर आपकी बेटी मीसा भारती को ही क्यों दी?इस बीच, लालू प्रसाद के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने ईडी की पूछताछ पर मीडिया से कहा कि जितना अधिक हमें परेशान किया जाएगा, हम उतने ही मजबूत होते जाएंगे। बेशक, यह मामला राजनीति से प्रेरित है। अगर मैं राजनीति में नहीं होता तो मुझे इसमें घसीटा नहीं जाता। मैंने दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद भविष्यवाणी की थी कि अब एजेंसियां बिहार की ओर अपना रुख करेंगी।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि प्रकरण में राजनीति करने का षड्यंत्र रच रहे कुछ कालनेमि हिंदू : कथावाचक कौशल किशोर ठाकुर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस की अगली सुनवाई 3 अप्रैल सुनिश्चित प्रकरण में कथावाचक कौशल किशोर ठाकुर के वाद की अधिवक्ता अधिवक्ता रीना सिंह द्वारा आदेश एक नियम सात में दाखिल एक प्रार्थना पत्र पर कथावाचक कौशल किशोर ठाकुर की अधिवक्ता रीना सिंह द्वारा एक वाद संख्या 17 में लगाई गई हिंदू पक्षकार की अर्जी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए विरोध दर्ज कराया एवं अर्जी को ख़ारिज करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया वाद संख्या 17 में यह अर्जी लगाई गई थी कि भारत के सभी मुस्लिम धर्म के अधिकार उन्हें दे दिये जाएं कथावाचक कौशल किशोर

ठाकुर ने कहा कि हमारे धर्म में ऐसे भी गद्दार लोग बैठे हैं जो हिंदू धर्म में होने के बाद भी मंदिर को मुक्त कराने की मांग न करके मुस्लिमों के अधिकार की बात करते हैं ऐसी ही एक अर्ज़ी पूर्व में हरिशंकर जैन एवं विष्णु शंकर जैन द्वारा भी दायर की गई थी जिसका विरोध होने पर जैन द्वारा वापस ले लिया गया था कथावाचक कौशल किशोर ठाकुर ने भी ऐसे हिंदू पक्षकार के लिए कहा कि हिंदू धर्म जे जे कर्म अर्थात हिंदू धर्म के ऐसे लालची व्यक्ति समाज को गुमराह करके

सनातन हिंदू धर्म का अहित करते हैं ऐसे लोगो की वजह से हिंदू धर्म अपमानित होता है, अधिवक्ता रीना सिंह द्वारा न्यायलय में यह भी अपील की गई कि मथुरा में जितने भी लंबित अन्य मामले हैं जो श्रीकृष्ण जन्मभूमि से संबंधित हैं उन्हें भी हाईकोर्ट में संबंधित वाद में जोड़ दिया जाए जिससे सुनवाई एक साथ हो सके मथुरा में विक्रम सिंह राठौड़ वीरेंद्र सिंह टेवा सहित सनातन धर्म रक्षापीठ वृंदावन की याचिकाएं लंबित हैं।

मनरेगा के लिए चालू वित्त वर्ष में रिकॉर्ड 86000 करोड़ का बजटीय आवंटन

● मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में मनरेगा के बजट में लगातार इजाफा किया

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 (मनरेगा) के लिए चालू वित्त वर्ष में 86000 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया गया है। यह अब तक का सर्वाधिक बजटीय आवंटन है।

कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार के दौरान वित्त वर्ष 2006-07 के लिए

बजट आवंटन 11,300 करोड़ रुपये था, जो 2013-14 में बढ़कर 33,000 करोड़ रुपये हो गया। केंद्र में 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद पिछले एक दशक के दौरान मनरेगा के बजट में लगातार इजाफा किया गया। सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान परेशान लोगों की आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2020-21 में इस योजना के तहत रिकॉर्ड 1,11,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

बुन्देलखण्ड में पानी की समस्या को लेकर चलाया जा रहा है जल जीवन मिशन : स्वतंत्र देव सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के मुख्य आतिथ्य में तथा जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आगामी विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में जल एवं पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन नगर पंचायत ओरन के आकाश गार्डन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा आयुक्त अजीत कुमार एवं जिलाधिकारी जे0रीभा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मा0जलशक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह ने इससे पूर्व सिंचाई एवं जल संशाधन विभाग उत्तर प्रदेश की जनपद बॉदा में 10.38 करोड़ की05 परियोजना का लोकार्पण तथा 24.93 करोड़ की 3 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने लघु सिंचाई विभाग की 7.59 करोड़ लागत की 22 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 15.39 करोड़ की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस प्रकार कुल लागत 58.29 करोड़ की 35 विभागीय परियोजनाओं का लकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। जलशक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जल के क्षेत्र में अनेकों महत्वपूर्ण कार्य प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किये गये हैं। जल ही जीवन है एवं जल के अमूल्य महत्व की विश्व जल दिवस याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि गंगा, जमुना, गोदावरी आदि नदियां हमारी धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जल के महत्व को देखते हुए नदियों, तालाबों, पोखरों में जल का संरक्षण कर उसको सुरक्षित रखते थे। उन्होंने कहा कि भूजल स्तर को गिरने से बचाने एवं आने वाले समय में जल संकट से बचाव के लिए सामूहिक रूप से जन सहभागिता करते हुए हमें जल संचयन करना होगा। तालाबों एवं

● 58.29 करोड़ की 35 विभागीय परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

नदियों का जीर्णोद्धार करते हुए वर्षा जल संचयन करना आवश्यक है। जल का अनावश्यक दोहन न करें, हम सब को मिलकर इसे रोकना है। बच्चों एवं युवकों जल संरक्षण के प्रति जल की महत्ता से अवगत कराते हुए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड में पानी की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल जल योजना से प्रदेश के दो करोड़ सैतीस लाख घरों तक पानी के कनेक्शन दिये हैं तथा जनपद बॉदा में दो लाख अरसठ हजार घरों में पानी कनेक्शन जलापूर्ति हेतु दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से 2 लाख 51

हजार हे0 में किसानों को सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता होगी। जल संरक्षण को गम्भीरता से अपनाते हुए इसे जन आन्दोलन बनायें और पानी को बचायें। उन्होंने कहा कि हर खेत में मेड और मेड पर पेड़ अवश्य लगायें, जिससे जल संरक्षण में मदद होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य तेजी से किये जा रहे हैं तथा प्रदेश में पर्यटन को बढावा मिलने से बेहतर रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि राष्ट्रीय जल दिवस के उपलक्ष्य में जल संरक्षण एवं संचयन हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जल संचयन के कार्य में सभी को जागरूक एवं सजग होकर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बुन्देलखण्ड में खनिज सम्पदा है लेकिन जल की आवश्यकतानुसार कमी रहती है, जिसके लिए सरकार ने कार्य करते हुए हर घर नल जल योजना बुन्देलखण्ड में संचालित की है। उन्होंने बताया कि 45 हजार करोड़ की लागत से केन-बेतवा लिंक परियोजना में कार्य किया जा रहा है, जो इस क्षेत्र की लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने जल की महत्ता के सम्बन्ध में कहा कि जल के बिना जीवन सम्भव नही है। इसलिए सभी लोग सामूहिक रूप से जल संरक्षण के प्रति एकजुट होकर जल संचयन का कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश एवं जनपद में अनेकों जन कल्याणकारी योजनायें संचालित कर विकास हेतु कार्य किये जा रहे हैं। पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय ने कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद में कई ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के लिए बेहतर कार्य किये गये हैं। उन्होंने जल के संरक्षण एवं संचयन पर जोर देते हुए कहा कि भूजल स्तर लगातार कम हो रहा है और जनसंख्या निरन्तर बढ रही है, इसलिए आने वाले समय में जल की कमी होगी। उन्होंने जल संकट से बचाव हेतु वर्षा जल संचयन एवं संरक्षण के कार्य को सामूहिक रूप से जन आन्दोलन के साथ करने का आहवाहन किया। उन्होंने कहा कि ब्लाक स्तर पर जल संरक्षण हेतु कार्यक्रमों का आयोजन करने एवं पानी की पाठशाला आयोजित कर लोगों को जल बचाव के प्रति जागरूक करें।आयुक्त अजीत कुमार ने कहा कि जल संरक्षण के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार के द्वारा विगत वर्षों में कार्य किया गया है, जिससे कि जल संरक्षण के प्रति लोगों में सजगता हुई है। उन्होंने कहा कि जल संचयन के लिए जन सहयोग एवं सकारात्मक सहभागिता की आवश्यकता है और मिलजुल कर इस क्षेत्र में बेहतर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि बॉदा एवं महोबा में जल संरक्षण की जागरूकता के लिए गोष्ठियों का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार अन्य जनपदों में भी युवाओं एवं लोगों को जागरूक करने के साथ जल बचाने की हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी होगी। इस अवसर पर जल संरक्षण एवं संचयन के क्षेत्र में कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों एवं अन्य लोगों को जलशक्ति मंत्री द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर अजीत सिंह, स्वर्ण कुमार वर्मा, विनीता त्रिपाठी पतौरा, अर्चना सिंह महोखर, चन्दिका प्रसाद, रामभरत सिंह आदि लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, विधायक नरैनी ओममणि वर्मा, एमएलसी सीतापुर पवन कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, राजेश द्विवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पशुधन मंत्री ने ग्राम काजी खेड़ा में गोवंशों को दुर्घटना से बचाव हेतु रेडियम पट्टी वितरण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- ग्राम काजी खेड़ा में 1.80 करोड़ की लागत से वृहद गो संरक्षण केन्द्र स्थापित कराने की पशुधन मंत्री ने की घोषणा
- सरकार सड़क सुरक्षा के साथ-साथ जन रक्षा तथा गो-रक्षा के प्रति संवेदनशील

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज ग्राम काजी खेड़ा, विकास खण्ड गोसाईगंज, लखनऊ में गोवंशों को दुर्घटना से बचाव हेतु रेडियम पट्टी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने गौ-पूजन के साथ गाय को रेडियम पट्टी पहनाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके साथ ही प्रदेश के सभी राजमार्गों के समीप स्थित ग्रामों में पशुपालकों के पशुओं/गोवंशों के गले में रेडियम पट्टी पहनाये जाने का कार्य प्रारंभ हो गया। उन्होंने मंच से ही ग्राम काजी खेड़ा में 1.80 करोड़ की लागत से वृहद गो संरक्षण केन्द्र की स्थापना कराये जाने की घोषणा भी की। इस अवसर पर पशुधन मंत्री ने पशुपालकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार सड़क सुरक्षा के साथ-साथ जन रक्षा तथा गो-रक्षा के प्रति संवेदनशील है। सड़कों तथा राजमार्गों के समीपस्थ ग्रामों में पशुपालकों के गोवंशों तथा पशुओं के रात्रि के समय सड़क पर आ जाने की स्थिति में मार्ग दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। गोवंश को सड़क दुर्घटना से बचाने के इस पुनीत अभियान में आप सभी की व्यापक भागीदारी एवं सहयोग अत्यन्त महत्वपूर्ण है। पशुपालन विभाग द्वारा 05 अन्य समन्वयकारी विभागों यथा-ग्राम विकास विभाग, नगर विकास विभाग, राजस्व विभाग, पंचायतीराज विभाग एवं गृह विभाग के सहयोग से सड़कों के समीप स्थित ग्रामों में गोवंश तथा अन्य पशुओं के गले में रेडियम पट्टी लगाये जाने का कार्य चरणबद्ध ढंग से किया जायेगा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी गौ भक्त है और गोवंश की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए बेहद संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि देशी गाय का दूध अमृत है। किसानों की आय खेती-किसानी के साथ गौपालन से दुगनी होगी। उन्होंने कहा कि गौपालन को व्यवसाय के रूप में स्थापित कराने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए उन्नत किस्म की गायों को बाहर से लाने पर विशेष अनुदान की व्यवस्था की गई है। बैकर्स के साथ समन्वय बनाकर किसानों को पशुपालन के लिए ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि निराश्रित गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में सरकार द्वारा अभूतपूर्व तथा उल्लेखनीय कार्य किया गया है. जिसके फलस्वरूप गोवंश के कारण फसलों के नुकसान में काफी कमी आयी है तथा प्रदेश में अन्न उत्पादन निरन्तर बढ़ रहा है। पशुपालन विभाग द्वारा सतत रूप से इस क्षेत्र में बहुआयामी प्रयोग किये जा रहे हैं। गाय के गोबर से गो दीप, धूपबत्ती, गोलाग, गोबर के गमले, वर्मी कम्पोस्ट तथा सी0बी0जी0 उत्पादन इकाईयों की स्थापना की जा रही है। इन इकाईयों के संचालन में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान किया जा रहा है। गोवंश संरक्षण कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन एवं आर्थिक उन्नति के अनेक अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। सिंह ने कहा कि 20वीं पशु गणना के अनुसार प्रदेश में 1184494 निराश्रित गोवंश को संरक्षण करने हेतु वृहद गो संरक्षण केन्द्रों, अस्थायी गो आश्रय स्थलों तथा कान्हा गो आश्रय स्थल की स्थापना किये जाने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 6743 अस्थायी गो आश्रय स्थल, 372 वृहद गो संरक्षण केन्द्र, 306 कांजी हाऊस एवं शहरी क्षेत्र में 293 कान्हा गो आश्रय स्थल सहित कुल 7714 गो आश्रय स्थलों में 1252338 निराश्रित गोवंश संरक्षित है। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत 105139 इच्छुक लाभार्थियों को 162625 निराश्रित गोवंश सुपुर्द किये गये हैं। प्रदेश सरकार द्वारा सहभागिता योजनान्तर्गत सुपुर्द गोवंशों तथा गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के भरण-पोषण पर प्रतिदिन लगभग धनराशि रू0-07.00 करोड व्यय कर रही है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक, ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान, विशेष सचिव पशुधन, श्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, सहित बड़ी संख्या पशुपालक उपस्थित थे।

नीमगांव खीरी में 22 मार्च से समरस समाज निर्माण के लिए होगा शतचण्डी महायज्ञ एवं ग्रामोत्सव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। लखनियांपुर नीमगांव खीरी में 22 मार्च से श्री शतचण्डी महायज्ञ एवं ग्रामोत्सव कार्यक्रम शुरू होगा। मेरा गांव मेरा तीर्थ की अवधारणा पर आयोजित ग्रामोत्सव का प्रारंभ गो एवं तुलसी पूजन से होगा। यज्ञ समिति के प्रबंधक नवनीत मिश्र ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि 22 मार्च को लखनियांपुर से टेढ़ेनाथ धाम तक कलश यात्रा निकाली जायेगी। इसके बाद प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से वेदपाठी बटुकों के प्रभाती व रूद्रीपाठ होगा। प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक यज्ञ व हवन होगा। दोपहर 12 से 4 बजे तक नित्य मलूक पीठ वृन्दावन के पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास महाराज के शिष्य कथाव्यास धनंजय दास महाराज के श्रीमुख से प्रवचन व कथा होगी। रात्रि की बेला में रासलीला का कार्यक्रम होगा। यज्ञ समिति के संरक्षक राज किशोर ने बताया कि ग्रामोत्सव का उद्देश्य समरस समाज व छुआछूत रहित समाज की स्थापना है। ग्रामोत्सव में यज्ञ के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्देश्य आनन्दोत्सव के साथ सभी का सहयोग व प्रतिनिधित्व रहता है। इस कार्यक्रम में गांव से विदा हो चुकी बेटियां अपने ससुराल वालों के साथ आमंत्रित की गई हैं। यज्ञ स्थल से लेकर प्रवेश द्वार तक गाय के गोबर से लिपाई होती है। यज्ञशाला की परिक्रमा का आयोजन प्रतिदिन होता है। इसमें माताएं मंगलगीत गायन से सामाजिकता का संदेश देती हैं। इस आयोजन में प्लास्टिक का प्रयोग नहीं होता है। पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया जाता है। उन्होंने बताया कि 3000 कन्याओं का पूजन होगा। आयोजन से पहले पूरे गांव की सफाई की जाती है। भण्डारे का प्रसाद गांव के ही सब लोग मिलकर बनाते हैं। ग्रामोत्सव में स्वच्छता प्रहरियों का होगा सम्मान ग्रामोत्सव कार्यक्रम में संत सम्मेलन होगा। इसके अलावा स्वच्छता प्रहरियों, समरसता, विशिष्ट कार्य, कृषक, शिक्षक व विद्यार्थी, ग्राम विकास से जुड़े बंधुओं एवं दिव्यांगों का सम्मान किया जायेगा।

आम के बाग में मिला महिला का शव, लूट-रेप के बाद हत्या की आशंका

लखनऊ। लखनऊ के मलिहाबाद इलाके में एक महिला का शव मिला। महिला की उम्र 32 साल बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। परिजनों ने बताया है कि वह एग्जाम देने की बात कहकर निकली थी और चिनहट में भाई के पास आ रही थी। परिजनों ने लूट-रेप के बाद हत्या की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस को बताया है कि महिला के कान के टॉप्स, पायल, मंगल सूत्र व चेन नहीं है। मोबाइल भी गायब है। बुधवार को सुबह 3.20 बजे एक युवक ने पुलिस को सूचना दी। उसने बताया कि मंगलवार को उसकी 32 वर्षीय बहन बनारस से एग्जाम देकर लखनऊ के चिनहट आ रही थी। आलमबाग बस अड्डे पर बस से उतरी। वहां से चिनहट आने के लिए ऑटो पर सवार हो गई। जिसकी जानकारी परिवार को कॉल पर दी। ऑटो चालक कुछ दूर चलने के बाद गलत दिशा में जाने लगा। युवती को संदेह होने पर परिवार को लोकेशन भेज दी।

सर्वोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए 22 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

30 मार्च को होगी प्रवेश परीक्षा, 31 मार्च को जारी होंगे परिणाम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। नवोदय पैटर्न पर संचालित ये विद्यालय सीबीएसई से मान्यता प्राप्त हैं, जहां कक्षा छह, सात, आठ, नौ और 11 में रिक्त सीटों पर प्रवेश परीक्षा के जरिए चयन होगा।

जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए 22 मार्च तक आवेदन किए जा सकेंगे। इसके लिए प्रवेश परीक्षा 30 मार्च को होगी। 31 मार्च को सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी जाएगी। कक्षा 11 में प्रवेश के लिए कोई परीक्षा नहीं होगी, बल्कि दसवीं के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट लिस्ट बनेगी। गांव के छात्रों को 85 फीसदी और शहरी छात्रों को 15 फीसदी सीटों में प्राथमिकता मिलेगी। आरक्षण के तहत 60 फीसदी सीटें अनुसूचित जाति जनजाति, 25 फीसदी अन्य पिछड़ा वर्ग और 15 फीसदी सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित रहेंगी। कक्षा 6 और 7 में 70 सीटें होंगी, जबकि कक्षा 8 और 9 में भी रिक्तियों के अनुसार प्रवेश होगा। कक्षा 11 में अधिकतम 20 छात्रों को एडमिशन मिलेगा। समाज कल्याण विभाग प्रवक्ता ने बताया कि पूरी प्रवेश प्रक्रिया जिलाधिकारी के नियंत्रण में होगी और प्रश्नपत्रों का निर्माण व मूल्यांकन डीआईईटी द्वारा किया जाएगा। प्रदेश के 94 राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी यही प्रक्रिया लागू होगी। सभी चयनित छात्रों की कक्षाएं एक अप्रैल 2025 से शुरू होंगी। प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि इस परीक्षा के माध्यम से मेधावी छात्रों को बेहतरीन शिक्षा मिले और हर वर्ग के छात्रों को समान अवसर प्रदान किया जाए।

अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या,मेला दिखाने ले गया, दोस्त के साथ मिलकर डंडे से मार डाला

लखनऊ। लखनऊ के नगराम में अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या कर दी गई। इसके बाद पूछताछ में पुलिस को एक्सीडेंट बताया गया। पुलिस ने जब जांच बढ़ाई तो पति ने कहा उसे शक था कि पत्नी के किसी के साथ अवैध संबंध हैं। इसलिए दोस्त के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने अब दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका मालती की शादी 15 साल पहले कंचनखेड़ा मजरा समेसी निवासी तिलकराम से हुई थी। पुलिस ने बताया कि तिलकराम ने अपने दोस्त राजेश प्रजापति के साथ मिलकर पत्नी की हत्या की साजिश रची। सोमवार शाम 7 बजे तिलकराम अपनी पत्नी को मोटरसाइकिल पर बिठाकर कुबहरा मेला दिखाने ले गया और वहीं हत्या कर दी। पुलिस को तिलकराम ने बताया कि मेला देखने जाते समय दोस्त राजेश को अलग स्कूटी से बुलाया। वह पीछे-पीछे चल रहा था। मेला देखने के बाद तीनों मालती की मौसी के घर गए।

इंटीग्रल हॉस्पिटल में किशोरी से रेप, आरोपी वार्ड बॉय गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ में कुर्सी रोड स्थित इंटीग्रल हॉस्पिटल में किशोरी के साथ एक वार्ड बॉय ने रेप किया। किशोरी डर और लोकलाज के चलते चुप रही। गर्भवती होने पर घटना का खुलासा हुआ। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस बाराबंकी देवां के रहने वाले आरोपी रेहान को गिरफ्तार कर लिया। परिजनों के मुताबिक, पीड़िता अस्पताल से लौटने के बाद गुमसुम रहने लगी। आए दिन पेट में दर्द की बात कहने लगी। परिजनों के डॉक्टर को दिखाने की बात कहने पर टाल जाती। पिछले दिनों घर वालों को शक हुआ। जिसके बाद डॉक्टर को दिखाया गया। अल्ट्रासाउंड में जानकारी हुई कि 20 सप्ताह की गर्भ पेट में पल रहा है। जिसके बाद पीड़िता ने बताया कि वार्ड बॉय रेहान ने अस्पताल में भर्ती ताऊ को देखने जाने के दौरान उसके साथ रेप किया। इंदिरानगर इलाके की पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि बेटी की तबीयत खराब होने पर 9 अक्टूबर 2024 को इंटीग्रल हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। इसी दिन बड़े भाई को भी भर्ती कराया था। 10 अक्टूबर को बेटी को इमरजेंसी वार्ड से महिला वार्ड में और भाई को पुरुष वार्ड में शिफ्ट किया गया। बेटी को 15 अक्टूबर को डिस्चार्ज कर दिया गया। जहां उसको वार्ड बॉय रेहान दवाइयां और इंजेक्शन देता था। बताया कि घुटने के ऑपरेशन के चलते भाई भर्ती थे। 21 अक्टूबर को घुटने का ऑपरेशन के दौरान सभी लोग हॉस्पिटल में थे। रात नौ बजे के करीब बेटी के वॉशरूम जाने के दौरान रेहान जबरदस्ती स्टडी रूम ले गया। जहां उसके साथ रेप किया। गुडंबा इंस्पेक्टर प्रभातेश कुमार का कहना है कि पीड़िता और उसके पिता की शिकायत पर आरोपी रेहान को गिरफ्तार किया गया है। घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।

डीएम विशाख व डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल द्वारा इंडियन प्रीमियम लीग की तैयारियों के संबंध में आहूत की गई महत्वपूर्ण बैठक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। आगामी दिनांक 01, 04, 12, 14 और 22 अप्रैल एवं 9 मई और 18 मई को लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में इंडियन प्रीमियम लीग (आईपीएल) के 07 मैंच प्रस्तावित है। मैच के सफल आयोजन हेतु आज जिलाधिकारी विशाख जी0 एवं डीसीपी निपुण अग्रवाल द्वारा इकाना स्टेडियम के पदाधिकारियों, ऑर्गनाइजर, बीसीसीआई अधिकारियों व यूपीसीए के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि स्टेडियम में सुरक्षा मानकों का पूरा पालन किया जाये। जिला प्रशासन और स्टेडियम के अधिकारी पूरा तालमेल बनाकर कार्य करें। पूरा आयोजन सुव्यवस्थित हो, ताकि खिलाड़ी और दर्शक यहां से अच्छा अनुभव लेकर वापस जायें।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निम्नवत दिशा निर्देश दिए गए कि बैठक में जिलाधिकारी द्वारा आयोजकगणो एवं बुक माई शो के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि मैच से पहले मैच में शामिल होने वाले दर्शकों की संख्या की जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए ताकि दर्शकों की संख्या के अनुसार क्राउड मैनेजमेंट किया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की लोक निर्माण विभाग द्वारा सम्पूर्ण स्टेडियम व आस पास के एरिया की स्ट्रक्चरल सेफ्टी का ऑडिट करा कर सर्टिफिकेट देना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के साथ ही विद्युत सुरक्षा विभाग को भी निर्देश दिए गए की पूरे स्टेडियम परिसर का विद्युत सुरक्षा ऑडिट करते हुए प्रमाण पत्र देना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में आयोजकगण ने पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन (शहीद पथ मोड़) से मेट्रो फीडर बसों का संचालन भी कराया जाएगा। उक्त बसे ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन से स्टेडियम तक एवं मैच के उपरांत दर्शकों को आवागमन कराएगी। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि आयोजनकर्ताओं द्वारा चलाई जा रही फीडर बसों की पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित करते हुए फीडर बसों की पार्किंग बनाई जाए। बैठक में नगर निगम को निर्देश दिए गए की उनकी टीमों और इकाना स्टेडियम की टीमों के द्वारा संयुक्त रूप से पूरे स्टेडियम के बाहरी हिस्से की साफ सफाई की व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जाए एवं स्टेडियम के बाहर पार्किंग में पेयजल की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की पार्किंग क्षेत्र व स्टेडियम परिसर के बाहर जल संस्थान द्वारा पानी के टैंकरों की व्यवस्था और नगर निगम के द्वारा साफ सफाई और मोबाईल शौचालय की व्यस्वथा को सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि स्टेडियम के बाहर व अंदर फूड सैम्पलिंग की व्यवस्था हेतु अभी से टीमों का गठन कर ले।

लखनऊ में पुलिस के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन, थाने में हुए विवाद के बाद दो गुट में बंटा बार एसोसिएशन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ में पुलिस के खिलाफ वकील दो गुट में बंट गए हैं। एक गुट अल्टीमेटम देने के बाद हड़ताल से पीछे हट गया। यह देखते ही दूसरे गुट ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। होली के दिन थाने पर पुलिस से विवाद के बाद हड़ताल, रैली, प्रदर्शन और कमिश्नर ऑफिस के घेराव का अल्टीमेटम वकीलों ने दिया था। उसके बाद पुलिस ने एक इंस्पेक्टर, तीन दरोगा और एक सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस और वकीलों के बीच हुई मारपीट के मामले की चारों एफआईआर की जांच अब गोमतीनगर विस्तार के थाने से कराई जाएगी। पुलिस से मुकदमे वापस लेने के लिए तीनों बार एसोसिएशन ने आपात बैठक की थी। उसके बाद सबका निर्णय था कि कमिश्नर ऑफिस का घेराव और प्रदर्शन किया जाएगा। उसके बाद घेराव के तय समय पर प्रदर्शन के बाद एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बयान आ गए कि हमारी लड़ाई पुलिस से है, न्यायपालिका से नहीं। इसलिए कार्य करते रहेंगे। यह सुनते ही लखनऊ बार एसोसिएशन और सेंट्रल बार एसोसिएशन के वकील भड़क गए। उनका कहना है कि पुलिस मामले में घालमेल कर रही है। पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जब तक मुकदमे वापस नहीं होंगे तब तक वकील अपना प्रदर्शन बंद नहीं करेंगे। इसके बाद स्वास्थ्य भवन चौराहे पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। दरअसल, पुलिस पर थाने में वकील के मुंह पर पेशाब करने का आरोप है। इसी के चलते मंगलवार शाम को लखनऊ बार, सेंट्रल बार और अवध बार एसोसिएशन ने हड़ताल की।

भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने मनाया होली मिलन समारोह, महिलाओं का हुआ सम्मान

लखनऊ। जानकीपुरम विस्तार स्थित जनविकास महासभा के कार्यालय में भाजपा महिला कार्यकताओं द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन जनविकास महासभा की प्रदेश संगठन मंत्री एवं भाजपा अवध क्षेत्र आई टी विभाग की पूर्व सदस्य दिव्या शुक्ला एवं जनविकास महासभा की वार्ड अध्यक्ष रेनू सिंह एवं भाजपा महिला कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय पार्षद श्री दीपक लोधी जानकीपुरम तृतीय वार्ड ,, ऋषि अवस्थी, डॉ मनीष महर्षि (संघ नगर कार्यवाहक), सीमा मिश्रा (जिला कार्यवाहिका का राष्ट्रीय सेविका समिति), सुमन तिवारी (जिला मंडल उपाध्यक्ष चिनहट), अनीता यादव, दिव्यांशी शुक्ला (महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष उत्तर मंडल 5), हर्षिका जायसवाल, जानकीपुरम थाने से एसआई शिवानी वर्मा, महिला कांस्टेबल गीता, डॉ अर्चना सक्सेना (सृजन फाउंडेशन), इंदू सिंह ,लाल मुनी सिंह, कमला रावत ,अनीशा शुक्ला, निशा सिंह, गुड़िया रावत , सुनीता वर्मा, इंदु गोस्वामी , निर्मला , पूनम देवी, मंजू शुक्ला, संगीता पाण्डेय, सहित कई भाजपा महिला कार्यकर्ताओ सहित कई सम्मानित महिलाएं मौजूद रही।

अखिलेश यादव को सपा सरकार की सुरक्षा हेल्पलाइन से राजस्थान की महिलाओं को मदद मिलने की उम्मीद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा सरकार के कार्यकाल में शुरू किए गए '1090' महिला सुरक्षा मॉडल को अब राजस्थान सरकार भी अपना रही है। सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में उम्मीद जताई कि यह पहल राजस्थान में महिलाओं के लिए एक प्रभावी और सार्थक सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करेगी। अखिलेश यादव ने लिखा, ''सपा के शासनकाल में 'महिला सुरक्षा' के लिए समर्पित '1090' मॉडल को अब राजस्थान सरकार अपना रही है। आशा है इससे राजस्थान में नारी की सुरक्षा की दिशा में एक प्रभावकारी और सार्थक व्यवस्था तैयार होगी। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा सरकार के दौरान उत्पीड़न या संकट का सामना करने वाली महिलाओं को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए 1090 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन शुरू की गई थी। उन्होंने कहा, ''पीडीए के आंदोलन में आधी आबादी के रूप में स्त्री हमेशा महत्वपूर्ण रही है, इसीलिए समाजवादी सरकार में हर बालिका, युवती और नारी में सुरक्षा के भाव और उनमें आत्मविश्वास का संचार करने के लिए ऐसे सुरक्षात्मक कदम उठाए गये थे। सकारात्मक काम, सकारात्मक राजनीति के लिए प्रेरणा बनते हैं, समाज को समर्पित सपा के कामों की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है।'' पीडीए शब्द यादव ने राज्य में 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान गढ़ा था जिसमें पिछड़े (पिछड़े), दलित और अल्पसंख्यक शामिल हैं।

नवयुग कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय, लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का प्रारंभ राम लीला मैदान, ऐशबाग, लखनऊ में हुआ। सप्त दिवसीय विशेष शिविर के लिए इस वर्ष की थीम यूथ फॉर माय भारत एंड यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी ' है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागतगीत एवं लक्ष्यगीत प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का स्वागत पौध भेंट करके किया गया। प्राचार्या प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय ने राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम का महत्व बताते हुए छात्राओं को शुभकामना दी। श्री संदीप शर्मा, सभासद, ऐशबाग ने कहा कि गुरु एवं परिवार के अतिरिक्त कोई अन्य आपका शुभ चिंतक नहीं होता। अतः हमेशा सतर्क रहना चाहिए तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारीयों का निर्वहन सजगता से करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को शुभकामना तथा आशीर्वाद भी दिया। श्री साकेत शर्मा जी ने छात्राओं को नई चीजें सीखने तथा नई जानकारियां प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात श्रीमती मंजू प्रकाश, पिडिलाइट ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार की पेंटिंग्स तथा टाई एंड डाई के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

भोजनावकाश के पश्चात द्वितीय सत्र का आरंभ हुआ। इस सत्र में श्री पंकज शर्मा, सुरक्षा प्रशिक्षक, यातायात प्रशिक्षण पार्क, लखनऊ तथा श्री सैयद एहतेशाम, कॉर्डिनेटर, रोड सेफ्टी, मारुति सुजुकी द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छात्राओं को छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों के विषय में अवगत कराया गया। तथा क्विज के माध्यम से छात्राओं को सड़क सुरक्षा के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

सप्तदिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिवस का समापन वंदे मातरम् के गायन के साथ हुआ। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाईयों की कार्यक्रम अधिकारी डॉ ऐश्वर्या सिंह, डॉ श्वेता उपाध्याय धर, डॉ मनीषा बड़ौनिया एवं डॉ चंदन मौर्या उपस्थित रहीं।

जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना

हरदोई। जिला जज संजीव शुक्ला, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि रोस्टर के अनुसार कैदियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए। बैंरकों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों से बातचीत की। जिला जज ने कहा कि जिन कैदियों के पास वकील न हो उन्हें वकील उपलब्ध कराया जाए। जेल में अस्पताल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बीमार कैदियों का तत्काल इलाज कराया जाए। इलाज में किसी प्रकार की कोताही न की जाए। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी जाए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जब जिलाधिकारी बोले दद्दा अब आपको दुबारा नहीं आना पड़ेगा

राष्ट्रीय प्रस्तावना

हरदोई। जन सुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट कक्ष का माहौल उस समय भावुक हो गया जब धोंधी गाँव के एक 94 वर्ष के एक बुजुर्ग शिवकरन द्विवेदी पुत्र स्वर्गीय सोमेश्वर द्विवेदी जिलाधिकारी मंगला प्रसाद के समक्ष पहुँचे और शिकायत की कि उनके खेत पर गाँव के कुछ लोगों ने कब्ज़ा कर लिया है। वह पहले भी दो बार 31 दिसम्बर व 23 जनवरी को शिकायत कर चुके हैं लेकिन लेखपाल द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। बुजुर्ग ने लड़खड़ाती हुई आवाज़ में अपनी बात रखी। जिलाधिकारी ने खड़े होकर बुजुर्ग की बात को ध्यान से सुना। उन्होंने तत्काल वर्चुअल माध्यम से उप जिलाधिकारी बिलग्राम से बात की व सम्बंधित लेखपाल की जवाबदेही तय करते हुए खेत की मेड़बंदी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लापरवाही करने वाले लेखपाल व कानून गो को निलंबित करने तथा नायब तहसीलदारए तहसीलदार व उपजिलाधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पैमाइश करने के उपरांत पत्थर लगाकर सीमा का चिन्हांकन किया जाये। मेड़ तोड़कर कब्ज़ा करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की जाये। जिलाधिकारी ने भावुक होकर बुजुर्ग शिवकरन से कहा कि दद्दा अब आपको दुबारा नहीं आना पड़ेगा। हमारी प्रशासन की टीम आपके पास पहुंचेगी और समस्या का समाधान होगा। बुजुर्ग यह सुनकर रोने लगे और बोले आज उनका आना सफल हो गया। जिलाधिकारी ने जिला सूचना अधिकारी के वाहन से बुजुर्ग को उनके घर तक भिजवाया।

बरकत और फजीलत का महीना है रमजान

शाहाबाद (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। रमजान को लेकर कई मस्जिदों में पढ़ी जा रही तराबीह मुकम्मल हुई। इस मौके पर अल्लाह के बंधुओ ने नेक राह पर चलने का संकल्प लिया। अल्लाह ने अपनी तमाम मखलूकात में इंसान को अशरफओ अकरम बनायाए इसकी फ्तिरत में नेकी और बदी एभलाई और बुराई ए खूबी और खामी ए दोनों ही किस्म की सलाहिते और इस्ततादे एक साथ रख दीं । इसी का समर और नतीजा है कि किसी भी इन्सान से अच्छाई और बुराई दोनों ही बुजुद में आ सकती हैं। एक इंसान से अच्छी और बुरी दोनों उम्मीदें की जा सकती हैं । लेकिन परहेजगारी सबसे अहम चीज हैए इसी लिए अल्लाह पाक कुरआन में फरमाता है कि ऐ ईमान वालो फर्ज किया गया तुम पर रोजाएजैसे फर्ज किया गया था तुमसे अगलो पर ताकि तुम परहेजगार हो जाओ ।अल्लाह फरमाता है तकवा इख्तियार करोएतकवा का माना है नफ्स को बुराइयों से रोकनाए और उसका सबसे बड़ा जरिया है रोजा । जैसा के एक सहाबी ने हुजूर मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से अर्ज़ कियाष् ऐ अल्लाह के रसूल मुझे किसी ऐसे अमल का हुक्म दीजिए जिससे अल्लाहताला मुझे नफा दे ।आप ने फरमाया कि रोजे रखा करो इसके बराबर कोई अमल नही। रमजान साल भर के इस्लामी महीनों में सबसे ज़ियादा अज्मतो, फजीलतो, और बरकतों वाला महीना है। इस माह में अल्लाह पाक अहले ईमान को अपनी रजा, मोहब्बत ओ अताए अपनी जमानत ओ उल्फत से बंदे को नवाजता हैए इस माह में हर नेक अमल का सबाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है। इस माह में जब दिल से मजबूत इरादे के साथ रोजा रखा जाता है तो उसकी बरकत से पिछली जिन्दगी यानी जो गुजर गई उस जिन्दगी के सगीरह गुनाह भी अल्लाह माफ्कर देता है ।और रात को जब इंसान तरावीह पढ़ता है तो उसके गुनाह ऐसे धुल जाते जैसे कपड़े से मैल । इस माह में एक नेकी फर्ज के बराबर और फर्ज सत्तर फराइज के बराबर हो जाता है। इस माह की एक रात जिसे शब कदर कहा जाता है वो हजार महीनों से अफजल यानी बेहतर होती है। रमजान का रोजा फर्ज और तरावीह सुन्नत है यानि जो हमारे नबी ने काम किया उसको सुन्नत कहते हैं। ये सब्र का महीना हैए और सब्र का बदला जन्नत है। ये हमदर्दी एऔर खैरखुआही का महीना है इस महीने में हर मोमिन का रिज़्क बढ़ा दिया जाता है। इस माह का पहला अशरा यानि पहले दस दिन रहमतए दूसरा अशरा मग्फ़िरत एतीसरा अशरा जहन्नम से आज़ादी का है । रमजान की खासियत

इस महीने में चारो आसमानी किताबे उतारी गयी
तौरेत हजरत मूसा अलैहिस्सलाम पर उतारी गई।
ज़ुबूर हज़रत दाऊद अलैहिस्सलाम पर उतारी गई
इंजील हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम पर उतारी गई

कुरआन मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम पर उतारी गई है।

युवती को जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शाहाबाद (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। मझिला थाना क्षेत्र में 18 मार्च को एक युवती को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करने और पीड़िता से

पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी फोटोः राष्ट्रीय प्रस्तावना

रुपए लेने वाले आरोपी को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 18 मार्च को पीड़िता द्वारा थाना मझिला पर तहरीर दी गयी कि आकाश पुत्र राकेश निवासी ग्राम अंतोरा थाना मझिला द्वारा जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ गलत कार्य किया गया तथा उससे रुपये आदि लिये गये। इस संबंध में पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। थाना मझिला के प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से एक अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक ने बताया पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

शाहाबाद पुलिस ने तमंचे सहित युवक को गिरफ्तार जेल भेजा

शाहाबाद (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम पुरवा पिपरिया निवासी युवक को तमंचा सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में अवैध शस्त्र के निर्माणध्बिक्री करने वाले लोगों के विरुद्ध

चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक अंकुर कुमार द्वारा दीपक कुमार उर्फपुखई उर्फदीपू पुत्र मूलचन्द्र निवासी ग्राम पुरवा पिपरिया को एक अदद तमंचा 315 बोर व दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना शाहाबाद पर शस्त्र अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार युवक को पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण के बाद जेल भेज दिया है।

पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

शाहाबाद (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के कटौना खेड़ा नहर पुलिया के पास एक पेड़ पर लटका हुआ अधेड़ का शव मिला है। शव मिलने से राहगीरो में हड़कंप मच गया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवा कर परिजनों को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। हरपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शिशोरा निवासी शिशुपाल पुत्र फेरे लाल शर्मा का शव बताया गया है। बुधवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे कटौना खेड़ा नहर पुलिया के पास एक पेड़ से लटकता हुआ शव देखकर उधर से निकलने वालों में हड़कंप मच गया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पहुंची बेहटा गोकुल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। बेहटा गोकुल के प्रभारी निरीक्षक ने बताया मृतक के पुत्र राजा बख्श को सूचना दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै शाहीद उर्फ शहीद पुत्र रज्जाक अली, पताः- ग्राम खुटेहना, पोस्ट-मीरनगर अजिगवां, थाना व तहसील-सण्डीला, जिला-हरदोई का निवासी हूँ। मेरा पुत्र गुलाम वारिस का चाल-चलन ठीक नहीं है। परिवार की इज्जत समाज में खराब कर रहा है, जिससे क्षुब्ध होकर मैने अपने पुत्र गुलाम वारिस को उसके गलत चाल-चलन, व्यवहार व आचरण दूषित होने के कारण सम्बन्ध विच्छेदन कर लिए है और अपने पुत्र गुलाम वारिस को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब भविष्य में मेरे पुत्र गुलाम वारिस द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कृत्य, लेन-देन से मेरा व मेरे परिवारीजनों का कोई सरोकार नहीं होगा, वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

जिलाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)। कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद

सिंह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि राजनीतिक दलों की ओर से बूथ लेवल एजेंट की सूची उपलब्ध करा दी जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि राजनीतिक दलों को सूचनाओं का प्रेषण समय से कर दिया जाये। मतदाता सूची पुनरीक्षण में बीएलओ व बीएलए समन्वय बनाकर कार्य करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उप जिलाधिकारी तान्या सिंह व मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कम्पनी गार्डन के बाहर से युवक की बाईक चोरी

हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)। हरदोई शहर कोतवाली इलाके में बाईक चोर सक्रिय है। अकसर बाईक चोरी की घटनाएं सामने आती है। बुधवार की सुबह मार्निंग वॉक पर निकले युवक की बाईक अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। शहर कोतवाली इलाके के आलू थोक निवासी सन्तोष कुमार बुधवार की सुबह मार्निंग वॉक के लिए कम्पनी गार्डन गये थे। उन्होंने अपनी बाईक कम्पनी गार्डन के गेट परखड़ी कर दी थी। कुछ देर बाद जब वह वापस आये तो उनकी बाईक मौके पर नहीं थी। काफी देर उन्होंने तलाश किया लेकिन जब पता नहीं चला तो उन्हे बाईक चोरी होने का अंदेशा हुआ। फिलहाल पूरे मामले की सूचना उन्होंने कोतवाली शहर पुलिस को दे दी है।

धड़ल्ले से हो रहा सिंथेटिक दूध का कारोबार, विभाग बेखबरय लोगों की जान से हो रहा खिलवाड़

कछौना (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। तहसील क्षेत्र संडीला में सिंथेटिक दूध का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है। जिससे मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। पूरे मामले की शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक पटेल ने शासन प्रशासन से की है, दिए गए पत्र में स्वास्थ्य विभाग व खाद विभाग की अनदेखी के चलते तहसील क्षेत्र में सैकड़ो दूध डेयरी मानकों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे हैं। दूध का संग्रह कर नामी गिरामी कंपनियों में दूध भेजने के साथ शहरों में सप्लाई करते हैं। अधिकांश दूध डेयरी संचालक हानिकारक रसायन रिफाइन्ड तेल, टूथपेस्ट, यूरिया, वाशिंग पाउडर इत्यादि विषाक्त पदार्थों को मिलाकर बनाते हैं। फलतः इन डेयरियों से निकला यह सफेद दूध मीठा जहर बनकर लोगों को बीमारियां बांट रहे हैं। जाने अनजाने में आम नागरिक दूध व दूध से तैयार खाद्य पदार्थों का सेवन कर गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। दूध की हमारे दैनिक जीवन में छोटे बच्चों से लेकर रोजाना चाय, लस्सी, मिठाई, आइसक्रीम मिल्क पाउडर, घी आदमी प्रयोग होता है, जबकि मिलावटी दूध पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती की है, कानून में उम्र कैद का प्रावधान है। यह दूध डेरियां मानकों को ताक पर रखकर संचालित होती हैं। दूध रखने के स्थान पर साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं की जाती है। दूध रखने हेतु ड्रम खुले में रखे होते हैं। जिनमें मक्खियां धड़ल्ले से पड़ी रहती हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक पटेल ने जन स्वास्थ्य के हित में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दोषियों पर कार्यवाई की मांग की है।

एमएलसी से ग्राम प्रधानों ने सामुदायिक केंद्र/बारात घर की मांग की

कछौना (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्र में सांस्कृतिक केंद्र व बरात घर व सामुदायिक केंद्र की निशांत आवश्यकता है। क्योंकि विद्यालयों व ग्राम सचिवालय में वैवाहिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर प्रतिबंध है। वैवाहिक कार्यक्रम के कारण विद्यालयों व ग्राम सचिवालय का प्रांगण प्रभावित होता था। विद्यालयों के भवनों की दशा खराब हो जाती थी। वैवाहिक कार्यक्रम होने के कारण नौनिहालों का शिक्षण कार्य प्रभावित होता था। ग्रामीण क्षेत्र में बरात घर न होने के कारण आम जनमानस के सामने संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों के सामने समस्या खड़ी हो गई है। उनकी माली हालत यह नहीं है कि वह कस्बा क्षेत्र में जाकर मैरिज लॉन किराए पर लेकर कार्यक्रम संपन्न कर सके। ग्रामीणों की मांग पर विकासखंड कछौना की ग्राम सभाओं के प्रधानों ने एमएलसी अशोक अग्रवाल से ग्राम सभा में बारात घर बनवाने की मांग की। जिस पर एमएलसी ने ग्राम प्रधानों को आश्वासन दियाए ग्रामीणों की मांग को ध्यानगत रखते हुए शासन को अवगत कराते हैंए सरकार से विशेष बजट धनराशि स्वीकृत कराके ग्राम सभा में सामुदायिक केंद्रध्बरात घर बनवाया जाएगा। जिसमें ग्रामीण सांस्कृतिक कार्यक्रम व वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कर सके।

मायके से पत्नी के ना आने से क्षुब्ध युवक ने लगाई फाँसी

साण्डी (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। थाना क्षेत्र में एक युवक ने साण्डी कोल्ड स्टोर के सामने स्थित खेत में खड़े पेड़ पर कार की सीटबेल्ट का फंदा लगाकर फाँसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई परिजन नशे के चलते पत्नी के मायके से नही आने पर क्षुब्ध होकर आत्मघाती कदम उठा लेने की बात बता रहे है। कस्बा स्थित कोल्डस्टोर के सामने मोहल्ला नौशहरा निवासी शिक्षक महमूद का खेत है बगल में रहने वाले रानू पुत्र कश्मीर राजपूत उसमे खरबूजे की फसल बोई थी फसल रखवाली के लिए रानू रात में खेत में ही

सोता था बुधवार की सुबह उसका शव खेत में खड़े आम के पेड़ से कार की सीट बेल्ट से लटका मिला इससे कोहराम मच गया मां सुधा ने बताया कि करवाचौथ से पहले हुए विवाद के बाद उसकी पत्नी आशा दोनो बेटे अमन और रमन के साथ नाराज होकर मल्लावा थाने के साधुपुरवा मायके चली गई थी कई बार जाने के बावजूद पत्नी के ना आने से रानू परेशान रहता था । कस्बा इंचार्ज धीरेन्द्र यादव ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है युवक ने आत्महत्या की है।

जिला जज ने किया संप्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना

हरदोई। जनपद न्यायाधीश संजीव शुक्ला ने अपर जिला जज/बिधिक सचिव, नगर मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी के साथ बाल संप्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने किशोर आवास तथा खेल के मैदान की निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को समय से पूर्ण कराया जाये। गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। संप्रेक्षण गृह में रहने वाले किशोरों में रचनात्मकता लाने के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। रोस्टर के अनुसार किशोरों को पौष्टिक आहार दिया जाये। इस अवसर पर बाल संप्रेक्षण गृह के प्रभारी अधीक्षक सर्वेश कुमार श्रीवास्तव व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने की आम निर्यात के सम्बन्ध में बैठक

राष्ट्रीय प्रस्तावना

हरदोई। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आम निर्यात के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में आम निर्यात को प्रोत्साहित किया जाये। विपणन की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाये। एफ्मीओ को भी विपणन का हिस्सा बनाया जाये। आम के विपणन के लिए नये एफ्मीओ को प्रोत्साहित किया जाये। ग्रेडिंग व पैकिंग पर विशेष ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी ने आम उत्पादकों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा सम्बंधित अधिकारियों को समाधान हेतु निर्देश दिए।

जिला उद्यान अधिकारी सुभाष चन्द्र ने आम उत्पादकों को कीटों व प्रतिकूल मौसम से बचाव के उपायों की जानकारी दी।

विभिन्न मानदंडो पर पशुपालन के प्रदेश में प्रथम रहने पर दी शुभकामनायें

हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रति सप्ताह निराश्रित गोवंश की संख्या] प्रवर्तन की

■ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई पशुपालन विभाग की बैठक

कार्रवाई की जानकारी सम्बंधित पशु चिकित्सा अधिकारी से ली जाये। पोस्टमार्टम की भी सूचना ली जाये। किसानों से लगातार फीडबैक लिया जाये। सभी सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता सुनिश्चित की जाये। चिप को कम से कम एक साल के लिए रिचार्ज कराया जाये। जिलाधिकारी ने गोशालाओं की संख्या व संरक्षित गोवंश की संख्याए सीसीटीवी की स्थापना] चरागाह की संख्याए व कैटल कैचर की संख्या व सहभागिता योजना में जनपद के प्रदेश में प्रथम स्थान पर आने पर पशुपालन विभाग की सराहना करते हुए कहा कि उत्साह को लगातार बनाये रखा जाये। पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा लगातार खण्ड विकास अधिकारियों से बात की जाये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले तीन दिन में सहभागिता योजना व गोशालाओं की फंड रिक्वेस्ट अपलोड कर दी जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानीए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

ई-गार्बेज लोडर प्रदान किए गए

कछौना (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। एचसीएल फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरदोई जिले में कचरा प्रबंधन हेतु 6 शहरी नगरीय इकाईयों एवं 7 ग्राम पंचायतों को कुल 35 ई.गार्बेज लोडर प्रदान किए गए। कछौना पतसेनी, बेनीगंज, कुरसठ नगर पंचायत एवं संडीला, मल्लावां, बिलग्राम नगर पालिका परिषद् को कचरा प्रबंधन एवं नगर को साफ रखने में

मदद मिलेगी। कार्यक्रम का आयोजन एचसीएल फाउंडेशन ऑफिस संडीला में किया गया । अधिशाषी अधिकारी कछौना पतसेनी बबलू कुमार, अधिशाषी अधिकारी संडीला विजेता गुप्ताए वरिष्ठ लिपिक कछौना पतसेनी जय बहादुर सिंह, ग्राम प्रधानो एवं एचसीएल फाउंडेशन के योगेश कुमारए अंकुर सदाना, सोनू कुमार, तौफीक अहमद ने ई.गार्बेज लोडर को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ई.गार्बेज लोडर के उपयोग से कचरा प्रबंधन अधिक प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल होगा। यह कदम स्वच्छ भारत मिशन को मजबूती प्रदान करेगा और स्थानीय स्तर पर कचरा संग्रहण को अधिक सुलभ बनाएगा। एचसीएल फाउंडेशन के इस सहयोग से नगर पंचायतए नगर पालिका एवं ग्राम पंचायतों को स्वच्छता बनाए रखने में सहायता मिलेगी और इससे नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्राप्त होगा। कार्यक्रम में सीडीसी ट्रस्ट से दीपक उपाध्याय, शेषधर द्विवदी, अली हसन आदि मौजूद रहे।

कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, टड़ियावाँ, हरदोई।

पत्रांक- बी0आर0सी0/जर्जर भवन/नी0/970/2024-25 दिनाँक- 19.03.2025

सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या 15/68-5-2020, दिनांक 22 जनवरी 2020 के अनुक्रम में विकास खण्ड टड़ियावाँ के परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/संविलियन विद्यालयों में अवस्थित जर्जर/निष्प्रयोज विद्यालय भवनों/अतिरिक्त कक्षा-कक्षों/रसोईघरों जिनकी जनपदीय तकनीकी समिति द्वारा परीक्षण एवं मूल्यांकन/आगणन आख्या उपलब्ध करा दी गई है इन्हें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, महोदय, हरदोई के आदेश संख्या एस0एस0ए0/नि0का0/जर्जर भवन/20352-70/2024-25 दिनांक 03.02.2025 के निर्देशों के माध्यम से प्राप्त जर्जर संरचनाओं की नीलामी निम्नलिखित विवरण के अनुसार निर्धारित तिथि में ब्लाक संसाधन केन्द्र टडियावॉ में नीलामी समिति एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति के समक्ष की जायेगीः-

क्र0सं0	नीलामी तिथि	विद्यालय का नाम	जर्जर संरचना का विवरण	मूल्याकंन धनराशि
1	26.03.2025	प्रा0वि0 मरदाननगर	मूल भवन	11367.02
2	26.03.2025	प्रा0वि0 अलीनगर	अतिरिक्त कक्षा-कक्षा	36555.74
3	26.03.2025	उ0प्रा0वि0 सलेमपुर	मूल भवन	185585.77
4	26.03.2025	उ0प्रा0वि0 जिगिनिया कर्णपुर	मूल भवन	212895.22

अतः उपरोक्त नीलामी में सम्मिलित होने वाले समस्त व्यक्तियों/संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित विद्यालय में जाकर प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक से जानकारी प्राप्त कर जर्जर संरचना का अवलोकन/निरीक्षण कर लें तथा नीलामी में आगणन की 10 प्रतिशत धनराशि के साथ उपस्थित हों। सर्वाधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति द्वारा सम्पूर्ण नीलामी की धनराशि सम्बन्धित विद्यालय प्रबन्ध समिति के खाते में जमा करने के उपरान्त ही विद्यालय प्रबन्ध समिति द्वारा ध्वस्तीकरण हेतु आदेश दिया जायेगा जिसके 10 दिवस के अन्दर विद्यालय परिसर से जर्जर संरचना को हटाना होगा। जर्जर संरचना न हटाने पर अधिकार समाप्त माना जायेगा। और धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

(अनुज कुमार)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
टड़ियावाँ-हरदोई।

ताकि सेफ रहे सेब

दुनिया को नये टैरिफ युद्ध में धकेलने वाले ट्रंप प्रशासन के दबाव की आंच हिमाचल के सेब उत्पादकों तक भी पहुंच रही है। भारत पर सेब आदि उत्पादों पर अमेरिकी टैरिफ घटाने के दबाव ने हिमाचल के सेब उत्पादकों के माथे पर चिंता की लकीरें उकेर दी हैं। वे केंद्र सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि किसी भी कीमत पर अमेरिकी सेब पर टैरिफ कम न किया जाए, अन्यथा लाखों उत्पादकों की रोजी-रोटी खतरे में पड़ जाएगी। वे तब से फिक्रमंद हैं जब वर्ष 2023 में आयात शुल्क सत्तर फीसदी से घटाकर पचास फीसदी कर दिया गया था। उनको फिक्र है कि यदि फिर टैरिफ में कमी की गई तो भारतीय बाजार अमेरिका के उच्च गुणवत्ता वाले सस्ते सेब से पट जाएगा। जिससे घरेलू सेब उत्पादकों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। आंकड़े इस गंभीर स्थिति को बयां करते हैं कि वर्ष 2018 में जब टैरिफ बढ़ाए गए तो वर्ष 2022-23 तक अमेरिकी सेब का आयात 1.28 लाख मीट्रिक टन से घटकर सिर्फ 4,486 मीट्रिक टन रह गया था। मौद्रिक संदर्भ में देखें तो यह 145 मिलियन डॉलर से घटकर मात्र 5.27 मिलियन डॉलर रह गया था। सेब उत्पादक इस बात को लेकर चिंतित है कि जब वर्ष 2023 में टैरिफ को फिर से वापस पचास फीसदी पर लाया गया तो आयात में करीब 20 गुना वृद्धि हो गई थी। ऐसे में यदि किसी भी तरह की कमी फिर आयात शुल्क में की जाएगी तो भारतीय बाजार वाशिंगटन सेब से पट जाएंगे। फिर भारतीय प्रीमियम सेब से बहुत कम कीमत पर मिलने के कारण गुणवत्ता का विदेशी सेब उपभोक्ताओं की प्राथमिकता बन जाएगा। खासकर संपन्न तबके की पहली पसंद बन जाएगा। इस चिंता ने घरेलू सेब उत्पादकों की नींद उड़ा दी है। उन्हें डर कि पौष्टिकता व रस की गुणवत्ता में भारतीय सामान्य सेब अमेरिकी सेब का मुकाबला नहीं कर पायेगा। लोगो में आम धारणा रहती है कि विदेशी सेब ज्यादा अच्छा होगा। बहरहाल, अमेरिकी सेब पर टैरिफ घटाने की आशंका से सात लाख सेब उत्पादकों की आजीविका पर खतरा मंडराने लगा है। इसकी वजह यह भी कि अमेरिकी व्यापार वार्ता में कृषि टैरिफ घटाना मुख्य मुद्दा है। हालांकि, भारत जो उच्च आयात शुल्क लगाता है वह सोयाबीन पर 45 फीसदी, मक्का पर 50 फीसदी और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर 150 फीसदी है। अमेरिकी मांग है कि उसके कृषि निर्यात के लिये अवरोध कम किए जाएं। लेकिन निर्विवाद रूप से व्यापार एकतरफा नहीं हो सकता। अगर भारत को रियायतें देनी ही हैं तो उसे अपने उत्पादों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के लिये पारस्परिक बाजारों में पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेब उत्पादक पहले ही सस्ते ईरानी आयातों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहे हैं। ईरानी सेब भारतीय बाजार में पचास-साठ रुपये कम कीमत पर उपलब्ध है, जिसकी वजह से गैर-प्रीमियम गुणवत्ता वाले सेबों का लाभकारी मूल्य मिलना बेहद मुश्किल है। स्थानीय सेब उस दर पर आयातित सेबों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते, क्योंकि राज्य में उत्पादन व परिवहन लागत ज्यादा है। यह बात जगजाहिर है कि हिमालय के पहाड़ी इलाकों के कारण उच्च उत्पादन लागत से किसान जूझ रहे हैं। जिसमें मशीनीकरण असंभव हो जाता है। इसके विपरीत, अमेरिकी सेब उत्पादक अत्यधिक मशीनीकृत खेती और बड़े पैमाने पर सब्सिडी से लाभान्वित होते हैं। यही असंतुलन भारत में सेब उद्योग को अनियमित आयातों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। भारतीय उत्पादकों के लिये सुरक्षात्मक उपाय किए बिना किसी भी तरह की टैरिफ कटौती पहले से ही संकट में पड़े फल उद्योग को पंगु बना देगी। वहीं दूसरी ओर 'वोकल फॉर लोकल' को एक नारे से अधिक व्यवहार में लाना है तो भारत को आंख मूंदकर आयात शुल्क कम करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। अपने उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिये उसे अमेरिकी दबाव का प्रतिरोध करना चाहिए। भारतीय हितों को सामने रखकर ही बातचीत को आगे बढ़ाना चाहिए। साथ ही निर्यात के अवसरों का विस्तार करते हुए कमजोर क्षेत्रों के संरक्षण की भी पहल करनी चाहिए। जिसकी मांग हिमाचल के सेब उत्पादक भी कर रहे हैं। यह चुनौती गुणवत्तापूर्ण फल उत्पादन के लिये भी रहेगी।

भारत पर सेब आदि उत्पादों पर अमेरिकी टैरिफ घटाने के दबाव ने हिमाचल के सेब उत्पादकों के माथे पर चिंता की लकीरें उकेर दी हैं। वे केंद्र सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि किसी भी कीमत पर अमेरिकी सेब पर टैरिफ कम न किया जाए, अन्यथा लाखों उत्पादकों की रोजी-रोटी खतरे में पड़ जाएगी। वे तब से फिक्रमंद हैं जब वर्ष 2023 में आयात शुल्क सत्तर फीसदी से घटाकर पचास फीसदी कर दिया गया था। उनको फिक्र है कि यदि फिर टैरिफ में कमी की गई तो भारतीय बाजार अमेरिका के उच्च गुणवत्ता वाले सस्ते सेब से पट जाएगा।

सुनहरा लम्हा: धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स

डॉ. सत्यवान सौरभ

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक आईएसएस पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जिससे सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया जा सका। वापसी के बाद दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्ट्रेचर पर ले जाया गया, जो लंबे समय तक भारहीनता में रहने के बाद एक सामान्य प्रक्रिया है। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। सुनीता विलियम्स व उनके सहयोगी की वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा।

नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक आईएसएस पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जिससे सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया जा सका। वापसी के बाद दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्ट्रेचर पर ले जाया गया, जो लंबे समय तक भारहीनता में रहने के बाद एक सामान्य प्रक्रिया है। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। सुनीता विलियम्स व उनके सहयोगी की वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इसरो (आईएसआरओ) भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। सुनीता विलियम्स की उपलब्धियाँ न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफ़र यह दर्शाता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुँचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों व युवाओं से संवाद किया है और उन्हें वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियाँ न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएँ केवल मानसिकता में होती है और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए तो उसे प्राप्त किया जा सकता है। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स की वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई देते हुए उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनका यह मिशन भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छूने का सपना देखते हैं।

धर्मे च अर्थे च कामे च मोक्षे च भरतर्षभम

लेखक- राजू बाबू सिंह
रिटायर्ड डीआईजी

भारतीय संस्कृत साहित्य में महाभारत एक ऐसा महाकाव्य है जिसमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के विषय में विस्तृत विवेचन किया गया है। विस्तृत विवेचन करते हुए वेदव्यास का कहना है कि महाभारत में जो कुछ भी लिखा गया है वही अन्यत्र भी है जो कुछ महाभारत में नहीं है वह अन्यत्र भी नहीं है। लिखते हैं वेदव्यास किः-

धर्मे च अर्थे च कामे च मोक्षे च भरतर्षभम।
यदेहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत क्वचित।।

अर्थात धर्म अर्थ काम और मोक्ष के विषय में जो महाभारत में कहा गया है वही अन्यत्र भी है और जो महाभारत में नहीं है वह अन्यत्र भी नहीं है।

इसी क्रम में महाभारत में रथ रूपक रहस्य का वर्णन आया है। महाभारत के उद्योग पर्व में विदुर नीति के अंतर्गत एक मंत्र उद्धृत किया गया है जिसमें शरीर को रथ आत्मा को रथी बुद्धि को सारथी इंद्रियों को अश्व और मन लगाम कहा गया है। जो रथवान सावधानी चतुराई और बुद्धिमानी से इनको बस में रखता है वही रथवान संसार में सुखपूर्वक यात्रा करता है लिखते हैं वेदव्यास किः-

रथः शरीरं पुरूषस्य राजन,
आत्मा नियन्तेर्नदियाण्यस्यचाश्वाः।
तैरप्रमत्तः कुशली सदश्वैर्दान्तैः,
सुखं यान्ति रथीव धीरः।

इस रथ रूपक रहस्य के माध्यम से विदुर जी ने हमारे जीवनोपयोगी बिंदुओं पर बड़ी ही बारीकी से सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए अपनी राय व्यक्त की है और इसके माध्यम से विदुर अपनी तात्विक मीमांसा से इंद्रियों पर नियंत्रण की बात के माध्यम से महाराज धृतराष्ट्र की मलिन कलुषित बुद्धि को संस्कारित करना चाहते हैं और इसी के माध्यम से लोक को शिक्षा देते हुए परिलक्षित होते हैं। महात्मा विदुर जी कहते हैं कि है महाराज हमें अपनी इंद्रियों को बस में रखना चाहिए इंद्रियों के वश में होकर मनुष्य एक से बढ़कर एक अनुचित कार्य करने लगता है। महात्मा विदुर महाराज धृतराष्ट्र की नीतियों तथा पुत्र प्रेम के कारण किए जा रहे स्वार्थ परक कार्यों पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए धृतराष्ट्र का ध्यान आकर्षण करके उनको सन्मार्ग पर ले जाना चाहते हैं। लिखते हैं वेदव्यास कि

इन्र्दयौरिर्नर्दियार्थेषु वर्तमानैरनिग्रहैः।
तैरयं ताप्यते लोको नक्षत्राणि ग्रहैरिव।।

हम सबके बस में न होने के कारण विषयों में रमने वाली इंद्रियों से यह संसार इस तरह कष्ट पता है जैसे सूर्य आदि ग्रहों से तिरस्कृत होकर नक्षत्र नष्ट हो जाते हैं।

आगे कहते हैं विदुर कि

योग जितःपंचवर्गेण सहजेनात्मकर्शिना।
आपदतस्यवर्धन्ते शुक्लपक्ष इवोडुराड्।।

भावार्थ यह है कि जो मनुष्य पूरी तरह से पांचो इंद्रियों के वश में रहता है उसकी आपत्तियां शुक्ल पक्ष के चंद्रमा की भांति बढ़ती है। विदुर जी आगे कहते हैं कि है राजन जो पुरुष पहले ही इंद्रियों सहित मन को ही शत्रु समझ कर जीत लेता है, उसके बाद यदि वह मंत्रियों तथा शत्रुओं की जीतने की इच्छा करे तो उसे सफलता मिलती है। विदुर जी कहते हैं कि है राजन इंद्रियों तथा मन को जीतने वाले, अपराधियों को दंड देने वाले, और जांच परख कर काम करने वाले धीर पुरुष की लक्ष्मी अत्यंत सेवा करती है। इंद्रियां वश में न होने के कारण अर्थ को अनर्थ और अनर्थ को अर्थ समझकर अज्ञानी पुरुष बहुत बड़े दुख को भी सुख मान बैठता है। हे राजन जो अधिक ऐश्वर्य का स्वामी होकर भी इंद्रियों पर अधिकार नहीं रखता वह इंद्रियों को वश में न रखने के कारण ही ऐश्वर्य से भ्रष्ट हो जाता है।

कठोपनिषद् में यम नचिकेता संवाद में महात्मा यम ने भी आत्मा को रथी शरीर को रथ बुद्धि को सारथी तथा मन को लगाम बताया है।

आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।
बुद्धि तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव तु।।

महात्मा यम ने भी नचिकेता के जिज्ञासा को शांत करते हुए तथा मोक्ष के मार्ग को बताते हुए इंद्रियों पर नियंत्रण रखने की शिक्षा दी और शरीर रूपी रथ में रथी आत्मा के संसार में सुखद यात्रा के लिए रथ रूपक रहस्य को समझाते हुए इंद्रिय निग्रह को ही मोक्ष का श्रेयस्कर मार्ग बताया है।

गौरैया के बिना जीवन संगीत अधूरा

विश्व गौरैया दिवस पर विशेष

ललित गर्ग

भारत में गौरैया आम जनजीवन का हिस्सा हुआ करती थी, उनकी संख्या घटने के पीछे कई कारण हैं। बढ़ता शहरीकरण और पेड़ों की कटाई उनके घोंसले बनाने की जगहें खत्म कर रहे हैं। मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर रहे हैं। कीटनाशकों और रसायनों के बढ़ते उपयोग के कारण उनके भोजन के स्रोत कम हो रहे हैं। इसके अलावा, आधुनिक घरों की वास्तुकला में ऐसी संरचनाएं नहीं होतीं जहां गौरैया अपना घोंसला बना सके, जिससे उनके अस्तित्व पर संकट बढ़ता जा रहा है। विशेषतः यह पक्षी मानवीय लोभ की भेंट तो चढ़ ही रहे हैं, जलवायु परिवर्तन के कारण भी इनकी संख्या लगातार कम हो रही है। कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए पक्षियों का शिकार एवं अवैध व्यापार जारी है। माइक्रोवेव प्रदूषण जैसे कारण इनकी घटती संख्या के लिए जिम्मेदार हैं।

गौरैया विलुप्त होने की कगार पर पंहुची विश्व की सबसे पुरानी पक्षी प्रजाति है। सुदूर अतीत से पिछले एक-दो दशक तक हमारे घर-आंगन में फुदकने वाली एवं हमारे जीवन संगीत का अहम हिस्सा गौरैया आज विलुप्ति के कगार पर है। घरों को अपनी चीं-चीं से चहकाने वाली गौरैया अब दिखाई नहीं देती। इस छोटे आकार वाले खूबसूरत एवं शांतिपूर्ण पक्षी का कभी इंसान के घरों में बसेरा हुआ करता था और बच्चे बचपन से इसे देखते हुए बड़े हुआ करते थे। ज्यादा से ज्यादा लोग गौरैया के साथ इंसानी संपर्क के महत्व को समझे एवं इस नन्हें से परिंदे को बचाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। नेचर फोरेवर सोसाइटी (भारत) और इको-सिस एक्शन फाउंडेशन (फ्रांस) के मिले जुले प्रयास के कारण इस दिवस को मनाने की शुरुआत 2010 में हुई। नासिक निवासी भारतीय प्रकृति एवं संरक्षणवादी डॉ.मोहम्मद दिलावर ने घरेलू गौरैया पक्षियों की सहायता हेतु नेचर फोरेवर सोसाइटी की स्थापना की थी। इनके इस कार्य को देखते हुए टाइम ने 2008 में इन्हें हिरोज ऑफ दी एनवायरमेंट नाम दिया था। पर्यावरण के संरक्षण और इस कार्य में मदद की सराहना करने हेतु एनएफएस ने 20 मार्च 2011 में गुजरात के अहमदाबाद शहर में गौरैया पुरस्कार की शुरुआत की थी। गौरैया पक्षी प्रकृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 2025 में विश्व गौरैया दिवस का थीम 'प्रकृति के नन्हे दूतों को श्रद्धांजलि' है। भारत में गौरैया आम जनजीवन का हिस्सा हुआ करती थी, उनकी संख्या घटने के पीछे कई कारण हैं। बढ़ता शहरीकरण और पेड़ों की कटाई उनके घोंसले बनाने की जगहें खत्म कर रहे हैं। मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर रहे हैं। कीटनाशकों और रसायनों के बढ़ते उपयोग के कारण उनके भोजन के स्रोत कम हो रहे हैं। इसके अलावा, आधुनिक घरों की वास्तुकला में ऐसी संरचनाएं नहीं होतीं जहां गौरैया अपना घोंसला बना सके, जिससे उनके अस्तित्व पर संकट बढ़ता जा रहा है। विशेषतः यह पक्षी मानवीय लोभ की भेंट तो चढ़ ही रहे हैं, जलवायु परिवर्तन के कारण भी इनकी संख्या लगातार कम हो रही है। कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए पक्षियों का शिकार एवं अवैध व्यापार जारी है। माइक्रोवेव प्रदूषण जैसे कारण इनकी घटती संख्या के लिए जिम्मेदार हैं। जन्म के शुरुआती पंद्रह दिनों में गौरैया के बच्चों का भोजन कीट-पतंग होते हैं। पर आजकल हमारे बगीचों में विदेशी पौधे ज्यादा उगाते हैं, जो कीट-पतंगों को आकर्षित नहीं कर पाते। जीवन के अनेकानेक सुख, संतोष एवं रोमांच में से एक यह भी है कि हम कुछ समय पक्षियों के साथ बिताने में लगाते रहे हैं, अब ऐसा क्यों नहीं कर पाते? क्यों हमारी सोच एवं जीवनशैली का प्रकृति-प्रेम विलुप्त हो रहा है? मनुष्य के हाथों से रचे कृत्रिम संसार की परिधि में प्रकृति, पर्यावरण, वन्यजीव-जंगल एवं पक्षियों का कलरव एवं जीवन-ऊर्जा का लगातार खत्म होते जाना जीवन से मृत्यु की ओर बढ़ने का संकेत है। विश्व गौरैया दिवस गौरैया के संरक्षण और उसके सामने आने वाली चुनौतियों के प्रति जागरूक करने के लिये मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि पक्षियों की सुरक्षा केवल उनके अस्तित्व के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए भी जरूरी है। जैसे-जैसे पर्यावरणीय समस्याएं बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे गौरैया और अन्य शहरी पक्षियों की सुरक्षा और भी महत्वपूर्ण हो गई है। दिल्ली में तो गौरैया इस कदर दुर्लभ हो गई है कि ढूंढे से भी यह पक्षी देखने को नहीं मिलता, इसलिए वर्ष 2012 में दिल्ली सरकार ने इसे राज्य-पक्षी घोषित कर दिया था। गौरैया के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा मानवता पर भी एक प्रश्नचिह्न भी है। गौरैया जैसे बेजुबान पक्षियों का बड़ी संख्या में विलुप्त होना पर्यावरण संतुलन के लिये तो बड़ा खतरा है ही लेकिन इसका असर मानव जीवन पर भी होगा। यह धरती केवल इंसानों के लिये नहीं है, बल्कि वन्य जीवों के लिये भी है, इसलिये पक्षियों का विलुप्त होना या मरना हमारे लिये चिन्ता का बड़ा कारण बनना चाहिए। मौजूदा समय में पशुओं एवं पक्षियों की संख्या का लगातार घटना एक अत्यन्त चिन्ताजनक स्थिति है। मानवीय व्यक्तित्व का एक महत्वपूर्ण घटक है संवेदनशीलता, जो व्यक्तित्व का गरिमा प्रदान करता है, उसे गहराई एवं ऊंचाई प्रदान करता है, इसके अभाव में मानव दानव बन जाता है, गौरैया जैसे पक्षियों के प्रति बरती जा रही संवेदनहीनता इसी की परिचायक है। मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। दरअसल हमारे यहां बड़े जीवों के संरक्षण पर तो ध्यान दिया जाता है, पर गौरैया जैसे छोटे पक्षियों के संरक्षण पर उतना नहीं। अब भी यदि हम जैव विविधता को बचाने का सामूहिक प्रयास न करें, तो बहुत देर हो जाएगी। पक्षी विज्ञानी हेमंत सिंह के अनुसार गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। यदि इसके संरक्षण के उचित प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास का प्राणी बन जाए और भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। ब्रिटेन की 'रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डस' ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को 'रेड लिस्ट' में डाला है। आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह हृास ग्रामीण और शहरी, दोनों ही क्षेत्रों में हुआ है। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार गौरैया की आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। हर परिस्थितियों में खुद को अनुकूल बना लेने वाली यह चिड़िया अब भारत ही नहीं, यूरोप के कई बड़े हिस्सों में भी काफी कम रह गई है। ब्रिटेन, इटली, फ्राँस, जर्मनी और चेक गणराज्य जैसे देशों में इनकी संख्या जहाँ तेजी से गिर रही है, तो नीदरलैंड में तो इन्हें 'दुर्लभ प्रजाति' के वर्ग में रखा गया है। कई बार लोग अपने घरों में इस पक्षी के घोंसले को बसने से पहले ही उजाड़ देते हैं। कई बार बच्चे इन्हें पकड़कर पहचान के लिए इनके पैर में धागा बांधकर इन्हें छोड़ देते हैं। इससे कई बार किसी पेड़ की टहनी या शाखाओं में अटक कर इस पक्षी की जान चली जाती है। इतना ही नहीं कई बार बच्चे गौरैया को पकड़कर इसके पंखों को रंग देते हैं, जिससे उसे उड़ने में दिक्कत होती है और उसके स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ता है। पक्षी विज्ञानियों के अनुसार गौरैया को फिर से बुलाने के लिए लोगों को अपने घरों में कुछ ऐसे स्थान उपलब्ध कराने चाहिए, जहां वे आसानी से अपने घोंसले बना सकें और उनके अंडे तथा बच्चे हमलावर पक्षियों से सुरक्षित रह सकें। गौरैया आजकल अपने अस्तित्व के लिए मनुष्यों और अपने आसपास के वातावरण से काफी जद्दोजहद कर रही है। ऐसे समय में हमें इन पक्षियों के लिए वातावरण को इनके प्रति अनुकूल बनाने में सहायता प्रदान करनी चाहिए। तभी ये हमारे बीच चह चहायेंगे। मनुष्यों को गौरैया के लिए कुछ ना कुछ तो करना ही होगा, वरना यह भी मॉरीशस के डोडो पक्षी और गिद्ध की तरह पूरी तरह से विलुप्त हो जायेंगे। घरेलू गौरैया पृथ्वी पर सबसे आम और सबसे पुरानी पक्षी प्रजातियों में से एक है। हमें पक्षियों के स्वास्थ्य के प्रति भी सजग होना चाहिए। सरकारों को भी पक्षियों के इलाज एवं जीवन-सुरक्षा के पुख्ते प्रबंध करने चाहिए। भारत की संस्कृति में पक्षियों को दाना एवं पानी डालने की व्यवस्था जीवनशैली का अंग रहा है, इन वर्षों में हमारी यह संस्कृति लुप्त हो रही है, जो गौरैया के विलुप्त होने का बड़ा कारण है।

जिलाधिकारी ने दिए 14 अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन निरस्त करने के निर्देश

- सिटी टास्कफोर्स की डीएम ने की बैठक,कहा स्वास्थ्य विभाग लाए सुधार नहीं तो होगी कड़ी कार्यवाही

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर। स्वास्थ्य सेवाओं में हो रही गड़बड़ी पाए जाने पर डीएम ने बड़ा कदम उठाया है। जनपद के 14 अस्पतालों के एचआईएमएस पोर्टल पर दर्ज न होने पर जिलाधिकारी ने तीन दिनों में रजिस्ट्रेशन निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। हुसैनपुरा स्वास्थ्य केंद्र का टीकाकरण औसत से कम होने पर जिलाधिकारी ने एमओआईसी डॉ0 स्वप्निल गुप्ता का स्पष्टीकरण मांगा है। जिलाधिकारी धन्मेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी एमओआईसी को निर्देश दिए है के एएनएम एवं आशाओं के साथ बैठक कर टीकाकरण में सुधार लाएं। वेब टीकाकरण की भी स्थिति ठीक ना होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की टीकाकरण की गति बढ़ाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि नियमित टीकाकरण शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित किया जाए। महिला आरोग्य समिति की नियमित बैठकें आयोजित होती रहें।

उन्होने आभा आईडी बनाने की गति में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। एनसीडी स्क्रीनिंग अभियान 31 मार्च तक पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने कम टीकाकरण करने वाले एमओआईसी का स्पष्टीकरण मांगे जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की सिटी टास्क फोर्स बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई जिसमें उक्त निर्णय लिये गये।

श्रीराम कथा में सुनाया शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग

बांदा। श्री नाथ विहार में श्री रामकथा के दूसरे दिन कथा व्यास राजन महाराज ने भगवान शिव-पार्वती के विवाह का मनोहारी वर्णन किया। इस दौरान शिव-पार्वती की झांकी भी दिखाई गई। कथा में राजन महाराज ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुईं और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुईं। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उनकी शादी की चिंता सताने लगी। माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बारात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन चौंक गए, लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार कर लिया। विवाह प्रसंग के दौरान शिव-पार्वती की झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसाए।

पेट्रोल पंप पर कार सवारों ने सेल्समेनों व चौकीदार को जमकर पीटा

- सेल्समेनों के पास रखे लगभग एक लाख रुपए छीन ले गए कार सवार
- पांच नामजद तथा बारह अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर। पेट्रोल पंप पर कार में पेट्रोल भरवाने गए कार सवार लोगों ने पैसे उधार नहीं करने पर सेल्समेनों को जमकर पीटा और उनकी जेब में रखे लगभग एक लाख रुपए छीन लिए।विरोध करने पर तमंचे की बट से सिर में कई बार किए।चौकीदार के बचाने पर कार सवार लोगों ने उसे भी जमकर पीटा,इस मामले में एसपी के आदेश पर पांच नामजद तथा बारह अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।साउथ सिटी बरेली मोड़ निवासी रुचि मिश्रा पत्नी विक्रांत मिश्रा का विजय किसान सेवा केंद्र के नाम से कांट थाना छेत्र के ग्राम पड़ियांचा की मोड पर पेट्रोल पंप है।विक्रांत मिश्रा ने बताया कि दिनांक 16.3.25 को आठ बजे बबलू,बीपी पुत्रगण सुरेन्द्र यादव,लालू पुत्र बलराम,अशोक यादव के दो बेटे सभी निवासीगण इमलिया ब्रिजा कार से उनके पंप पर आए और तीन हजार का पेट्रोल भरने को कहा।सेल्समैन विनीत पुत्र रामचंद्र ने कहा कि तुमने तीन सौ रुपए ही पेटीएम किए हैं तो बाकी पैसे उधार नहीं हो पाएंगे।सेल्समैन के इतना कहने पर उक्त लोग गाली गलौज करने लगे।इसी बीच दूसरे सेल्समैन आशीष भी मौके पर आ गए और कार सवार लोगों को गाली गलौज करने से मना किया इस पर सभी लोग कार से बाहर निकल आए और सेल्समेनों को पीटने लगे। दोनों सेल्समैन जान बचाकर भागे तो आरोपियों ने दौड़कर दोनों को पकड़ लिया और तमंचे की बट से सिर पर प्रहार किया जिससे दोनों सेल्समैन गंभीर रूप से घायल हो गए।इसी बीच पेट्रोल पंप का चौकीदार सुशील पुत्र देवप्रसाद भी मौके पर आ गया तभी उपरोक्त लोगों ने गांव में फोन कर एक दर्जन से अधिक लोग और बुला लिए।सभी ने पेट्रोल पंप पर जमकर बवाल काटा और सेल्समेनों के पास रखे एक लाख रुपए छीन लिए और जान से मारने की धमकी देकर चले गए।उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह दो दिन तक पम्प स्वामी को थाने से टरकाते रहे और रिपोर्ट नहीं लिखी।आखिर में पम्प स्वामी ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई।बुधवार को कांट कोतवाली में पांच नामजद तथा बारह अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

संक्षिप्त समाचार

आमिर खान ने मासूम को रक्तदान कर पेश की हिन्दू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल

बांदा । बुधवार को आठ माह मासूम अनय द्विवेदी को अचानक ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर उनके पिता ब्लड की व्यवस्था में लगे हुए थे।तभी इसकी सूचना मिलते ही बांदा के मोहल्ला खाईपार निवासी आमिर खान ने मासूम बच्ची को रक्तदान करने की इच्छा जाहिर की और बांदा के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन साहू सेवर्स ऑफ लाइफ के अध्यक्ष सलमान व अन्य के साथ पहुंचकर अनय द्विवेदी को रक्तदान कर इस नफरती माहौल में हिंदू मुस्लिम भाईचारे की विशेष मिसाल पेश की है।पूर्व पालिका अध्यक्ष मोहन साहू ने बताया की आमिर खान ने रोजे के हालात में रक्तदान कर न सिर्फ पुनः का कार्य किया है बल्कि उन्होंने इस नफरती माहौल को ताक पर रखकर समाज में एक अच्छा संदेश देने का कार्य किया है।

गंगा मेला को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के किए पुख्ता इंतजाम

शुक्लागंज-उन्नाव। गंगा मेला के आयोजक शिल्पी राकेश दीक्षित ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। होरियार (रंग खेलने वाले) और बच्चों के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं, जिससे वे सुरक्षित और आनंदपूर्वक मेले का आनंद ले सकें। साथ ही, महिलाओं और बुजुर्गों की सुविधा के लिए अलग से स्थान निर्धारित किए गए हैं। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत पारंपरिक लोक नृत्य, भजन संध्या और कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न संस्थाएं और सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुतियां देंगे। आयोजन समिति ने इच्छुक संस्थाओं और प्रतिभागियों से नित्य आरती सेवा समिति के पदाधिकारियों से संपर्क करने की अपील की है, ताकि वे मेले में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। मेले के आयोजन को भव्य और स्वच्छ बनाने के लिए नगर पालिका का विशेष सहयोग लिया गया है। आयोजकों ने बताया कि बुधवार को पूरे प्रांगण में सफाई अभियान चलाया गया, जिससे मेले के दौरान स्वच्छता बनी रहे। इसके अलावा, पंडाल लगाकर मंच तैयार करने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। गंगा मेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में मेले का संचालन होगा, जिससे कोई अप्रिय घटना न हो। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से मेले में शांति और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है, ताकि सभी लोग इस पावन उत्सव का आनंद ले सकें।

पीड़ित की तहरीर पर तीन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

शुक्लागंज- उन्नाव। निहाल खेड़ा निवासी मनीष चंद्र उर्फ टिंकू अवस्थी ने बताया कि रविवार को संतोष मिश्रा और तीन अज्ञात युवक नशेबाजी कर रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसे मारा-पीटा। इस हमले में मनीष को शारीरिक चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने संतोष मिश्रा और तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर गंभीर चिंता जताई है और पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

छात्र ने ट्यूशन से किया इनकार: शिक्षक ने 8वीं के बच्चे को पीटा

बांगरमऊ-उन्नाव। नगर के एक निजी विद्यालय में ट्यूशन पढ़ने से मना करने पर शिक्षक ने कक्षा 8 के छात्र की लात-घूंसों से निर्मम पिटाई कर दी थी। पिटाई से छात्र बेहोश हो गया था। पीड़ित छात्र के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रबड़ी निवासी देवी प्रसाद पुत्र गुरुदयाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है, कि उसका पुत्र शिवजीत बांगरमऊ के मोहल्ला गोलकुआं स्थित बाल विद्या मंदिर में कक्षा 8 का छात्र था। बीते 18 दिसंबर 2024 को ट्यूशन पढ़ने से मना करने पर स्कूल के शिक्षक रवी दीक्षित निवासी मोहल्ला बजरिया ने छात्र की जमकर पिटाई की थी। पिटाई से उसका बेटा बेहोश हो गया था। तभी से उसका इलाज चल रहा है। इलाज कराने के लिए कहने पर रवी दीक्षित ने उसे जान से मार डालने की धमकी दी। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस में चयनित पितृ विहीन सग़ी तीन बहनों का सम्मान आज

उन्नाव-विकासखंड हसनगंज की ग्राम पंचायत सुंदरपुर निवासी पिता विहीन सगी तीन बहनों कल्पना सुलोचना और अर्चना ने उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में आरक्षी के पद पर चयनित होकर नारी शिक्षा को सशक्त करने की एक कामयाब मिसाल पेश की है इन तीन बहनों की प्रतिभा को सम्मानित करने मोहान विधायक बृजेश कुमार रावत उनके गांव सुंदरपुर एक प्रतिभा सम्मान समारोह में 20 मार्च को जायेंगे। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में सहयोगी के रूप में सामाजिक संस्था नवयुग जन चेतना सेवा संस्थान भी हिस्सा ले रही है। उक्त जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष पुत्तन लाल पाल ने बताया कि इस प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य जहां प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी कर रहे क्षात्र क्षात्रओं के मनोबल को बढ़ाना है वहीं तीनो बहनों का हौंसला बढ़ाना है।

दो नकाबपोश महिलाओं ने दुकान की गोलक से पार किये रुपये, घटना सीसीटीवी में कैद

बांगरमऊ-उन्नाव। नगर में स्थित एक बुक डिपो पर सामान लेने आई दो नकाबपोश महिलाओं ने दुकान की गोलक से 18,500 रुपये चोरी कर लिया। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई। दुकानदार ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बांगरमऊ कस्बा निवासी अमित की कापी-किताब की दुकान नगर की मुख्य बाजार में है। बुधवार दोपहर दो महिला नकाब में दुकान पर आई और डायरी देखने लगी। इसी दौरान दुकानदार किसी काम से दूसरी ओर गया। तभी उनमें से एक महिला ने काउंटर में लगी गोलक से लगभग 18,500 रुपए निकाल लिए और वहां से चली गई। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसी कैमरे में रिकार्ड हो गई। दुकान के मालिक अमित ने कोतवाली में शिकायत की है। पुलिस लोगों से पूछताछ व सीसीटीवी आदि के माध्यम से घटना को अंजाम देने वाली महिलाओं की पहचान करने में जुटी है।

सरकारी अस्पताल में उमड़ रहा मरीजों को रेला

बांदा। मंगलवार को जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ जमा हो गई। पर्चा बनवाने से लेकर दवा लेने को लेकर कई बार मरीज और तीमारदार आपस में भिड़ गए। वहां पर लगे होम गाडी ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। मौसम के करवट बदलने से बीमारिया बढने लगी है। सर्दी जुकाम बुखार, पेट दर्द, से पीड़ित मरीजो की संख्या बढ गई है। होली की छुटटी के चार दिन बाद खुले जिला पुरूष और महिला अस्पताल में सुबह से मरीजो की भीड़ उमड़ पड़ी। पर्चा बनवाने के बाद मरीज घंटो डाक्टरो के चेबंरो के बाहर खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। फिजीशियन डाक्टर हृदयेश पटेल का कहना है कि ज्यादातर सर्दी जुकाम बुखार से पीड़ित मरीज आए है। उन्होने एक सैकड़ा से अधिक मरीज देखे है। यही हाल हडडी रोग विभाग का था डॉक्टर मोहित सिंह का कहना है पैक्चर वाले मरीज ज्यादा आए है। सोमवार को 14 74 मरीजो ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा है। लाइन से बचने के लिए कुछ तीन सौ मरीजो ने अपना आनलाइन पर्चा बनवाया है। होली के त्यौहार में डॉक्टरो की चांदी रही दुर्घटना में घायल होकर अस्पताल आने वाले हर मरीज की डाक्टरो ने बाहर से सीटी स्कैन करवाया है।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस सम्पन्न

- खेती किसानी संबंधित दी गई जानकारियां

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर। प्रत्येक माह के तृतीय बुद्धवार को होने वाले किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार, में आयोजित किया गया। किसान दिवस में जिला कृषि अधिकारी ने अवगत कराया कि जो किसान पहले साठा धान कर रहे थे, वे अब संकर मक्का करने लगे हैं। संकर मक्का 100 दिनों की फसल होती है, किसान भाई गन्ना काटने के बाद अपने खेत में संकर मक्का की खेती कर सकते हैं, इसके कटने के बाद धान की फसल लेकर अतिरिक्त लाभ पा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में उर्दू, मूंग के बीज राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर उपलब्ध हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारों के साथ साथ समस्त खण्ड विकास अधिकारी कार्यालयों में भी सूची लगवाई जाये, जिसमें बीज भण्डार पर बीजों की उपलब्ध मात्रा, दर तथा भण्डार प्रभारी का नाम व मोबाइल नम्बर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाये। किसान दिवस में उपस्थित कृषकों द्वारा मांग की गयी कि धान-गेहूं की तरह मक्का की भी सरकारी खरीद की जाये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि यथा सम्भव जनपद के किसानों की मक्का की भी सरकारी खरीद की जाये। श्रीराम ने गेहूं खरीद के संदर्भ में चर्चा की मांग की गयी कि बिचौलियों को गेहूं खरीद से दूर रखा जाये तथा किसानों से निर्धारित रेट पर खरीद की जाये, उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत विभाग द्वारा पहले तो किसानों के विद्युत बिलों में गड़बड़ी की जाती है फिर कर्मचारियों द्वारा बिल संशोधन के नाम पर मनमानी की जाती है, मांग की गयी कि विद्युत बिलों में गड़बड़ी की समस्या समाप्त की जाये। प्रेमशंकर बाजपेई द्वारा शिकायत की गयी कि जनपद के कीटनाशी दवा विक्रेता कीटनाशक खरीद का पक्का बिल नहीं देते हैं, जिससे किसान बन्धु कीटनाशक दवा के खराब होने की शिकायत नहीं कर पाते, साथ ही जनपद में कीटनाशक के रेट में एकरूपता नहीं रहती है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के सभी कृषि रक्षा इकाइयों में उपलब्ध कीटनाशक विभाग द्वारा निर्धारित रेट पर मिलते, परन्तु निजी विक्रेता भिन्न-भिन्न ब्राण्ड के कीटनाशक की बिक्री करते हैं, जिनके रेट कम्पनियों द्वारा अलग-अलग हो सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कीटनाशी दवाओं के रेट सार्वजनिक किये जायें तथा रेट के सम्बन्ध में टोल-फ्री नम्बर भी जारी करें। स्वयं भी नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर प्रत्येक माह कृत कार्यवाही से अवगत करायें। कृषकों द्वारा मांग की गयी कि निराश्रित गायों की अपेक्षा सांड को पकड़वाकर गौशाला या नन्दीशालाओं में रखवाया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस कार्य में प्रशासन के साथ-साथ ग्रामवासियों की भी सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने जनपद के समस्त कृषक बन्धुओं से अपील की कि निराश्रित गौवंश को पकड़कर गौशालाओं में भिजवाने में प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। अंत में उप कृषि निदेशक द्वारा उपस्थित अधिकारियों व कृषक बन्धुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

किसान दिवस में कृषि एवं सम्बद्ध विभागों जैसे कृषि, सहकारिता, उद्यान, गन्ना, पशुपालन, मत्स्य पालन, सिंचाई, नलकूप, विद्युत, मनरेगा, खाद्य विपणन, नेडा आदि विभागों के समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ लीड बैंक मैनेजर तथा इन्श्योरेंस कम्पनी के प्रतिनिधि तथा जनपद के कृषकगण उपस्थित रहे।

सीएम साहब जरा अन्नदाताओं पर रहम करवाये सादीमदनपुर खदान खेत से कर रहे हैं परिवहन

- खदान संचालक लगातार कर रहा है अवैध खनन जिम्मेदार फिर भी मौन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा । सूबे के मुखिया द्वारा किसानो पर अपना मरहम लगा रहे हैं तो वही खदान संचालक अपनि मानमानी करने मे तुले हुये हैं जिसके चलते किसान बहुत परेशान हो रहे हैं । जिले में लाल सोने की लूट के लिए कुख्यात शादी मदनपुर खदान अवैध खनन के रोजाना नए-नए कीर्तिमान स्थापित करती जा रही है। दबंगई बल पर स्वीकृत पट्टा क्षेत्र से बाहर बेधड़क तरीके से अवैध खनन का काला खेल खुलेआम खेला जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सबसे बड़ी बात तो यह है कि सूत्रों के मुताबिक ग्रामीणों के द्वारा लगातार खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को जानकारी देने के लिए फोन किया जाता है कि लेकिन अधिकारियों के द्वारा फोन काल को रिसीव नहीं किया जाता पैलानी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत शादी मदनपुर खदान में एनजीटी नियमों को ठेका दिखाते हुए जमकर अवैध खनन किया जा रहा है और चिल्ला पुल के ऊपर से रात दिन बालू भरे ट्रैकों को निकाला जाता है जिससे आये दिन दुर्घटना भी होने की संभावना बनी रहती है जबकि पूर्ण रूप से गांव में भारी वाहन निकालना प्रतिबंधित है फिर भी गांव से ओवरलोड वाहन निकाले जाते हैं ग्रामीणों का आरोप है कि तहसील प्रशासन व खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का संरक्षण खदान संचालक को पूरी तरह से प्राप्त है। वहीं ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पट्टा संचालन से लोगों के द्वारा ग्रामीणों को यह कहकर धमकाया जाता है कि उनके खिलाफ यदि आवाज उठायी तो उनका कहीं भी पता नहीं लगेगा। हैरानी की बात है कि जनपद पैलानी के तहसील से 20 किलो मीटर दूरी पर स्थित खदान के इस अवैध कार्य पर किसी भी जिम्मेदार की निगाह नहीं पड़ रही है। खदान में सीमा क्षेत्र से बाहर अवैध खनन कार्य जोरों पर चल रहा है। दिन-रात दर्जनभर लिफ्टर मशीनों से यमुना की कोख को उजाड़ा जा रहा है। रोजारा बड़ी संख्या में जलीय जीवों की हत्या हो रही है। लेकनि जिम्मेदार अधिकारी आंखों पर पट्टी बांधकर सारा तमाशा देख रहे हैं। खदान में निर्धारित खनन पट्टा क्षेत्र से हटकर खदान से सटे गांव में अवैध तरीके से खनन कर अनवरत किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि खनन कारोबारी के सहयोगी पूर्व प्रधान के द्वारा अवैध खनन कराया जा रहा है और शमशान घाट की जमीन पर भी झोपड़पट्टी डाल लिया है जिससे लोग परेशान रहते हैं साथ ही रात प्रतिबंधित मशीनों से अवैध खनन कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। रात दिन चिल्ला पुल के ऊपर से और लोड बालू भरे ट्रक निकल जाते हैं साथी गांव की रोड क्षतिग्रस्त कर दी गई है जबकि गांव में पूर्ण रूप से ओवरलोड वाहन प्रतिबंधित है फिर भी वाहनों को लोकेशन बाजों के सहारे निकाला जाता है। अगर कोई विरोध करता है तो गांव का ही दबंग पूर्व प्रधान के द्वारा गाली गलौज तथा विरोध किया जाता है जिस खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद है।

उधारी न देने पर दुकानदार को 17 लोगों ने की घर में घुसकर मारपीट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। गांव में पुलिस का भय किसी को नहीं रह गया है जिसके चलते धारदार हथियार लेकर एक जुट होकर दुकानदार पर धावा बोलकर मारा पीटा इसके बाद घर में घुस कर मार पीट की वहीं पीड़ित ने इसकी शिकायत गिरवा थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है जिसमे 17 लोगों के विरुद्ध कई संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामला गिरवा थान अंतर्गत ग्राम तेरा का है जहां के रहने वाले दुकानदार लवलेश कुमार पुत्र देवबरन साहू ग्राम तेरा ने थाने में दी गई तहरीर पर बताया कि शनिवार की रात्रि लगभग 8 अपने दरवाजे पर था तथा मेरे भाई अखिलेश कुमार पुत्र स्व देवनाथ साहू में था तभी नत्थू उर्फ देवीदीन यादव पुत्र रामखिलावन शराब के नशे में आया और दुकान में सौदा माँगने लगा मेरे भाई अखिलेश कुमार पुत्र देवनाथ सौदा उधार देने से मना किय तो गाली-गलौज करने लगा हमने कहा कि पहले पिछला उधारी दे दो में उधार नहीं दूँगा तो वह गंदी गंदी गाली देने लगा तेली मादरचोद तुम्हारा दिमाग खराब है मैं तुम्हें देख लूँगा कि तुम कितने बड़े गुण्डा हो गये हो इतना कहते हुये चला गया। इसके आधा घण्टे बाद पुनः नत्थू उर्फ देवीदीन व रामसुफल पुत्र खिलौना व मंगल व राममूरत पुत्र नत्थू उर्फ देवदीनी व गट्टी उर्फ दिलीप व रामऔतार व बबलू पुत्र शिवप्रसाद व भैरमदीन पुत्र लालू व खड़कू व सियाराम पुत्र खोवालाल व रामकेश पुत्र रामऔतार व देवराम व देवचरण पुत्र मइयालाल, दर्शन पुत्र देवराम व कल्लू उर्फ सेवकराम पुत्र बदी व विशम्भर पुत्र नत्थू व रज्जन पुत्र रामसुफान आदि सभी जाति-यादव अंधेरे में कुछ पहचान में नहीं सभी लोग एकराय होकर हथों में लाठी, कुल्हाड़ी व फरसा व तमंचा से फायर करते हुये हमारे दरवाजे में आये और गाली-गलौज करते हुये दरवाजे में लाठी-डंडा मारते हुये घर घर के के अंदर अ घुस गये तभी हम लोग अपनी जान बचाते हुये पीड़ित के परिवार के 5 सदस्यों ने कमरे में बंद हो गये।

उपजिलाधिकारी ने मनाई जीत की खुशी

फुटबॉल स्टेट चैंपियंस को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

- जूनियर बालक और बालिका वर्ग की दोनों टीमों को एसडीएम, बीईओ,सीडीपीओ और एडीओ पंचायत ने दी बधाई, खेल प्रशिक्षक रईसुल इस्लाम गौहर और प्रदीप वर्मा को एसडीएम हसनगंज ने किया सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। विकासखंड औरास के एक मैरिज लॉन में आज शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम, ''हमारा आंगन हमारा बच्चे'' का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद और बीईओ औरास संजय शुक्ल ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीडीपीओ, एडीओ पंचायत, एस आर जी मुशर्रत फातिमा विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे। सभी ने आयोजन में प्रदर्शित टीएलएम सामग्री को गहनता से देखा और बच्चों के शैक्षिक स्तर को सुधारने हेतु महत्वपूर्ण बतलाया। प्राथमिक विद्यालय दृगपालखेड़ा, करौंदी और चमारन खेड़ा के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी। उपजिलाधिकारी ने बच्चों का निपुण टेस्ट भी लिया जिसमें सभी बच्चों ने सकारात्मक परिणाम दिए।

एसडीएम हसनगंज ने ब्लॉक के 70 विद्यालयों के निपुण होने, सुंदरतम कायाकल्प के साथ ही विकासखंड द्वारा खेलों में राज्यस्तर पर विशिष्ट उपलब्धि होने पर बीईओ संजय शुक्ल सहित विकासखंड के सभी शिक्षकों की सराहना की। कार्यक्रम में 40 निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं सहायक, कोलकेटेड आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकत्री, सहायिका, सभी नोडल शिक्षक संकुल एवं एआरपी शिक्षकों सहित लगभग 80 बच्चों की उपस्थिति रही।

उपजिलाधिकारी और बीईओ ने गत सप्ताह हुई राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में रामपुर गढ़ौवा की टीम को राज्य स्तर में प्रथम स्थान पाकर, प्रदेश में औरास का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित करवाने पर खुशी व्यक्त की। एडीओ पंचायत, सीडीपीओ, एसडीएम हसनगंज और बीईओ औरास ने बच्चों को मेडल पहनाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। खेल प्रशिक्षकों में ब्लॉक के व्यायाम शिक्षक रईसुल इस्लाम गौहर, शिक्षक डॉ प्रदीप कुमार वर्मा और शिक्षिका शाहें खुबा को उपजिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उपजिलाधिकारी ने बच्चों और प्रशिक्षकों शील्ड भेंट कर उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। बीईओ ने समापन अवसर पर सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम समापन के पश्चात फुटबॉल चैंपियंस ने विद्यालय पहुंचकर प्रधानाध्यापिका शशि देवी के हाथों शील्ड लेते हुए खुशी जाहिर की। विजेता बच्चे जय हिन्द और भारत माता की जय के नारों के साथ बेहद खुश नजर आए।

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों में इम्तियाज हुसैन, कौशल किशोर चौरसिया, राजेश कुमार, कुलदीप, गगनदीप, संजय दास, मुबशिर हुसैन, अनूप, विकास, रेहान, अंशुमान शर्मा, प्रदीप शर्मा, संतोष, आशु आनंद, सूफियान, पूनम सिंह, लक्ष्मी यादव, साधना सोनी, प्रतिक्षा यादव, सुरुचि आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन उमेश तिवारी ने किया।

डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग की बैठक, साझा की महत्वपूर्ण जानकारियां

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिले में विद्यमान सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को कलेक्ट्रेट में डीएम डीईओ दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने उपस्थित समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दल जनपद खीरी के प्रतिनिधियों से कहा कि वे निर्वाचक नामावली एवं निर्वाचन से सम्बन्धित अन्य किसी बिन्दु पर किसी प्रकार को सुझाव एवं शिकायत है तो उसे लिखित रूप में जिला निर्वाचन कार्यालय एवं सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध करा सकते हैं, जिसका त्वरित निस्तारण आयोग के निर्देशानुसार नियमविहित प्रक्रिया से पूर्ण कराया जायेगा।

जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति से डिप्टी डीईओ,, एडीएम संजय कुमार सिंह ने बैठक प्रारम्भ करते हुए उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी ईआरओ द्वारा तहसील स्तर पर 11 मार्च को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की प्रतियां उपलब्ध कराते हुए अवगत कराया कि पुनरीक्षण की अवधि एवं निरन्तर पुनरीक्षण-2025 की अवधि में निर्वाचक नामावलियो के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों से सम्बन्धित सूची यथा फार्म-9, 10, 11 व 11ए आदि निर्धारित समय-सीमा के अनुसार निरन्तर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पत्र के माध्यम से हार्ड कापी उपलब्ध करायी जाती है और उक्त सूची को जनपद में विद्यमान सभी तहसीलों के नोटिस बोर्ड एवं जनपद की वेबसाइट https://kheri.nic.in/ के क्क्म ध्धन्थद्य पर अपलोड करायी जाती है, जो सामान्य व्यक्ति भी देख सकता है। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि जनपद खीरी में अन्तिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली में कुल मतदाताओं की संख्या 2879067 है, जिसमे से 1529548 पुरूष, 1349451 महिला एवं 68 थर्ड जेण्डर मतदाता एवं ई0पी0 रेशियों-54.75 तथा जेण्डर रेशियो-882 है। जनपद में कुल मतदेय स्थलों की संख्या-2903 तथा मतदान केन्द्रों की संख्या-1640 है। जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर कुल बीएलओ की संख्या-2903 एवं बीएलओ के कार्यो के पर्यवेक्षण हेतु कुल सुपरवाईजर-296 है। जनपद-खीरी में वर्तमान में 18 मार्च को निर्वाचक नामावली में कुल मतदाताओं की संख्या 2881919 है, जिसमे से 1530992 पुरूष, 1350862 महिला एवं 65 थर्ड जेण्डर मतदाता एवं ई0पी0 रेशियों-54.81 तथा जेण्डर रेशियो-882 है।

बैठक में एसडीएम राजीव निगम, राजेश कुमार, अश्वनी कुमार सिंह, विनोद गुप्ता, रेणु मिश्रा, तहसीलदार सुखवीर सिंह, भीमचंद, आदित्य विशाल, सुशील प्रताप सिंह, आरती, दिनेश कुमार, तहसीलदार (न्यायिक) सदर सुरभि गौतम, राजनैतिक दलों से राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, जिला मंत्री कांग्रेस, मो0 उमर एड0, जिला सचिव सपा, बीपी यादव एड0, जिला सचिव कम्युनिस्ट पार्टी, अभिषेक कश्यप, जिला उपाध्यक्ष अपना दल (सोने लाल), शिवकुमार सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष आम आदमी पार्टी, धर्मेन्द्र यादव, मण्डल महामंत्री बसपा, उमाशंकर गौतम सदस्य जिला कार्यकारिणी बसपा, पटेल कपिल वर्मा, जिला महासचिव अपना दल उपस्थित रहे।

बहुत से उलूम व फुनून पर महारत हासिल थी रेहान-ए-मिल्लत को : मुफ़्ती अय्यूब खान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बरेली। आला हज़रत फ़ाज़िले बरेलवी के पोते मुफ़्ती रेहान रज़ा खान (रहमानी मिया) का 40 वा एक रोज़ा उर्स दरगाह परिसर में मनाया गया। शाम को सामूहिक रोज़ा इफ़्तार का आयोजन हुआ जिसमें दूर दराज़ के हज़ारों उलेमा,मशाइख,अकीदतमंदों ने एक ही दस्तरखवांन पर दरगाह प्रमुख के साथ इफ्तार किया।

उर्स के सभी कार्यक्रम दरगाह प्रमुख हज़रत मौलाना सुब्हान रज़ा खान(सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ़्ती अहसन मियां की सदारत व सय्यद आसिफ मियां की देखरेख में सम्पन्न हुए। दरगाह के नासिर कुरैशी ने बताया कि उर्स की शुरआत बाद नमाज़-ए-फ़ज्र कुरानख्वानी से हुई। सुबह 8 बजे महफ़िल का आगाज़ तिलावत-ए कुरान से हुआ। नातख़्वा हाजी गुलाम सुब्हानी ने हम्द,नात व मनकबत का नज़राना पेश किया। इसके बाद दरगाह सरपरस्त हज़रत सुब्हानी मियां की सदारत में उलेमा की तक़रीर का सिलसिला शुरू हुआ। मुफ़्ती अय्यूब खान ने अपने खिताब में रेहाने मिल्लत की जिन्दगी पर रोशनी डालते हुए कहा कि सुन्नियत व मसलक-ए-आला हज़रत की दुनिया भर में पहचान कराने वाली शख्सियत का नाम रेहाने मिल्लत है। उस दौर में मुसलमानो को जब भी मज़हबी, रूहानी,खानकाही,सियासी ज़रूरत पेश आई आपने उनकी कयादत फरमाई। आप उर्दू जुबान के साथ अरबी व इंग्लिश के माहिर भी थे। आपने एशिया के अलावा यूरोप,अफ्रीका,अमेरिका आदि के मुल्कों का दौरा कर मजहब व मसलक को फरोग देने के लिए काम किया। आप तलबा(छात्रों) को बुखारी शरीफ का दर्स(शिक्षा) अरबी से अरबी में देते थे। आप बड़े आलिम,मुफ्ती और बेहतरीन शायर भी थे। इस मौके पर मुफ्ती सय्यद शाकिर अली,मुफ्ती मोइनउद्दीन बरकाती,अफ़रोज़ आलम, मुफ्ती जमील नूरी,अबरार उल हक, मास्टर कमाल,राशिद अली खान, कासिम कश्मीरी,हाजी अब्बास नूरी, हाजी जावेद खान,परवेज नूरी, शाहिद नूरी, अजमल नूरी,परवेज़ नूरी,ताहिर अल्वी,औरंगज़ेब नूरी,नफीस खान,शाद रज़ा, आरिफ रज़ा,सबलू अल्वी,आसिफ रज़ा, मुस्तकीम नूरी, समीर रज़ा,रोमान खान, जावेद खान,समी रज़ा,निक्की नूरी,अजमल रज़ा आदि लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

पलटू दास जी का अखाड़ा के महंत बनाए गए धर्मेंद्र शास्त्री उत्तराधिकारी बनाए गए मनीष दास उर्फ मुन्ना दास

अयोध्या। सिद्ध पीठ श्री पलटू दास जी का अखाड़ा में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया, जहां धर्मेंद्र शास्त्री को महंत बनाया गया और मनीष दास उर्फ मुन्ना दास को उत्तराधिकारी बनाया गया। इस समारोह में पूज्य श्री भरत दास जी महाराज उर्फ भंडारी बाबा काका गुरु की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था। यहां के परंपरागत शिष्य धर्मेंद्र दास शास्त्री जी को अयोध्या के संतों और महंतों द्वारा महंत सर्वराहाकार नियुक्त किया गया। इस अवसर पर, श्री मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी मं कमलनयन दास, हनुमानगढ़ी के सचिव अखाड़ा परिषद के महंत सत्यदेव दास जी महाराज, हनुमानगढ़ के वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास जी महाराज, सियाराम किला के महंत करुणा निधान शरण, हनुमानगढ़ के महंत बलराम दास, तेरह भाई त्यागी के महंत बृजमोहन दास जी महाराज, तुलसी छावनी के महंत जनार्दन दास, पत्थर मंदिर के महंत मनीष दास जी, बड़े हनुमान मंदिर के महंत छविराम दास जी, हनुमानगढ़ी के महंत रामकुमार दास जी, बड़ी कुटिया के मं गणेश दास जी, सिंगार कुंज के महंत हरि भजन दास, सुरसर मंदिर के महंत अवध रामदास, मं प्रभु दास उर्फ मामा दास, आनंद दास सतगुरु कुटी के मं अवध किशोर शरण, वेदांती कुटी के मं अमित कुमार दास, नागा राम लखन दास, मं आकाश शरण, आचार्य पंकज दास, बजरंगदास हनुमानगढ़ी, भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, भाजपा के जिला महानगर अध्यक्ष श्री कमलेश श्रीवास्तव, जिला महामंत्री परमानंद मिश्रा, शैलेंद्र कौड़ी सहित सैकड़ों संत महंत और भक्त उपस्थित थे।

पूर्व राज्य मंत्री नानक दिन भुर्जी पहुंचे अयोध्या माझी मझवार समिति अध्यक्ष राम जसमांझी ने किया स्वागत

अयोध्या।अंतर्राष्ट्रीय माझी मझवार समिति के अध्यक्ष रामजस माझी ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूर्व राज्य मंत्री नानक दिन भुर्जी का स्वागत किया। इस दौरान, उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व राज्य मंत्री नानक दिन भुर्जी का अयोध्या आगमन पर स्वागत किया गया है और मांझी समाज की समस्याओं से भी अवगत कराया गया है पूर्व राज्य मंत्री नानक दिन भुर्जी ने भी अपने संबोधन में कहा कि अयोध्या में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रयासों से प्रभु श्री राम का दिव्य और भव्य मंदिर बन गया है। उन्होंने कहा कि आज हमने इसका अवलोकन किया और हमारा मन हर्षित और उल्लासित है। इस अवसर पर, माझी समिति के उपाध्यक्ष अरुण माझी, कोषाध्यक्ष शिवम माझी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। यह एक ऐतिहासिक पल था जब पूर्व राज्य मंत्री नानक दिन भुर्जी को अयोध्या में सम्मानित किया गया। नानक दिन भुर्जी भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज मंत्रियों में से एक माने जाते थे।

खोदी गई खाई में गिरे पांच बच्चे, मिट्टी में दबने से एक की मौत और चार घायल

गोला गोकर्णनाथ खीरी। लखीमपुर खीरी जिले के मैलानी के निकटवर्ती गांव राजामंडी में सड़क निर्माण के लिए खोदी गई खाई में मंगलवार की शाम पांच बच्चे गिरकर मिट्टी में दब गए, जिसमें एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई और चार बच्चों को ग्रामीणों ने जिंदा निकाल लिया। उनके भी गुम चोटें आई हैं, बिना पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मैलानी से टेढ़वा पुल तक सड़क चौड़ीकरण का काम ठेकेदार की ओर से कराया जा रहा है, चौड़ीकरण के लिए सड़क के किनारे से जेसीबी से मिट्टी खोदी जा रही है, ग्राम पंचायत सुआबोझ के गांव राजामंडी के पास करीब दस फीट गहरी खाई खोदी है, यहां पर गांव के दस से बारह वर्ष के पांच बच्चे सचिन पुत्र सूरज, सचिन पुत्र रघुवीर, प्रेम पुत्र सोनू, आर्यन पुत्र छत्तीस, निखिल पुत्र भोला शाम को अन्य साथियों के साथ खेत में खेल रहे थे, इसी बीच खेत की मिट्टी दरकने से ये पांचों खाई में गिर गए और ऊपर से गिरी खेत की मिट्टी में सभी में दब गया।

खेत की मेड़ को छाटने को लेकर हुआ विवाद मे विपक्षी ने सर पर मारी कुदाल

- हत्या आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। थाना हैदराबाद पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी डेविड 30 वर्षीय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम हैदराबाद निवासी मूल चन्द्र पुत्र बल्ला का खेत गाव के पास है उसी जमीन के निकट विपक्षी डेविड पुत्र बनवारी लाल का खेत है। विपक्षी डेविड आये दिन मूल चन्द्र की मेड़ को छांटता रहता था। 18/03/2025 की सुबह करीब 8 बजे डेविड मूल चन्द्र के खेत की मेड़ को छांट रहा था जिस पर मूल चन्द्र ने इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों में विवाद होने लगा विवाद इतना बढ़ा कि डेविड ने कल्लू पुत्र बल्ला के सिर पर कुदाल से वार कर घायल कर दिया। जिसके बाद घायल कल्लू को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले जाया गया। हालत में सुधार न होने के बाद डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद मूल चन्द्र ने हैदराबाद पुलिस को लिखित तहरीर देकर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल करा कर आरोपी डेविड के विरुद्ध धारा 109/352/351 में पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना हुआ सर्वे, आरोप प्रत्यारोप शुरु

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मैलानी खीरी। मैलानी नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सर्वे किया जा रहा है,जिसमें कुछ वार्डों को लेकर बहस जारी। सर्वे किए जाने पर लेखपाल दिव्यांशु श्रीवास्तव ने उठाए सवाल।कहा कि वार्ड संख्या 06 दामोदरपुर का कुछ हिस्सा नगर पंचायत की सीमा में नहीं आता है।जबकि सूत्रों की माने और मैलानी नगर पंचायत के काफी हिस्सा ग्राम पंचायत सलावतनगर में भी दर्ज है,जैसे कि वार्ड संख्या 10 रामलीला मैदान,वार्ड संख्या 07 काली मंदिर वार्ड संख्या 12 ईदगाह वार्ड संख्या 01 और 02 वह किस प्रकार नगर पंचायत में आता है? बताते चलें कि मैलानी नगर पंचायत का गठन 1978 में हुआ था,तब से लेकर आज इन वार्डों में नगर पंचायत द्वारा कई विकास कार्यों को कराया गया और कराया जा रहा है,तब आपत्ति नहीं जताई गई और अब ऐसा क्यों नगर पंचायत क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बराबरी पर छूटी 51 हजार की इनामी कुश्ती

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अयोध्या। बुढ़वा मंगल पर श्याम क्लब के मैदान में हर वर्ष की तरह मंगलवार शाम विराट दंगल हुआ। इसमें सबसे बड़ी 51 हजार की इनामी कुश्ती में भारत केसरी रामेश्वर पहलवान व हनुमानगढ़ी के रितेश पहलवान के बीच मुकाबला हुआ। दोनों पहलवानों का रोमांचक मुकाबला देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। 15 मिनट तक चली रोमांचक कुश्ती बराबरी पर छूटी इसी तरह मऊ के अभिमन्यु व बहराइच के रितेश के बीच कुश्ती बराबरी पर रही। गाजीपुर के मुन्ना पहलवान व संत कबीर नगर के शिवानंद के बीच भी कुश्ती बराबरी पर रही। तुलसीपुर के भगवानदीन ने रोमांचक मुकाबले में बहराइच के गोलू को हराया। दंगल का शुभारंभ पूर्व राज्यसभा सांसद विनय कटियार, पूर्व सांसद बृज भूषण शरण सिंह, जगद्गुरु राम दिनेशाचार्य, महंत मैथिली रमण शरण व संत हेमंत दास ने किया। प्रतियोगिता के संयोजक घनश्याम दास पहलवान ने बताया कि दंगल में अयोध्या समेत नंदिनी नगर, कानपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी, बहराइच व अयोध्या सहित कई जिलों के पहलवान शामिल रहे। इस अवसर पर महंत वैदेही वल्लभ शरण, महंत अवधेश दास, संत एमबी दास व प्रियेश दास मौजूद रहे।

स्वयंसेवक सेवकाओं ने ग्रामीण लोगों को शिक्षा स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। राष्ट्रीय सेवा योजना कृषक समाज इंटर कॉलेज के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवक सेवकोंओ ने ग्राम नगरा सलेमपुर में भ्रमण का कार्य करते हुए ग्रामीण लोगों शिक्षा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया एवं का जनगणना का कार्य किया बच्चे स्कूल जाते हैं कितने नहीं जाते हैं और क्यों नहीं जाते हैं इसके बारे में एक विवरण तैयार किया साथ ही साथ नगरासलेमपुर के प्राइमरी विद्यालय में पठान-पठन कार्य का अवलोकन किया आज भारतवर्ष के लिए ही नहीं पूरे विश्व के लिए बड़े ही हर्ष का विषय है कि आज हमारे महान वैज्ञानिक सुनीता विलियम आज पृथ्वी पर कुशल वापस आने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने उनको नमन करते हुए खुशी जाहिर की है कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी ओम प्रकाश यादव डॉअनिल कुमार ग्राम प्रधान शाहिद जहीरूद्दीन मनीषा भारती सत्यवती गौतम मौजूद रहे।

राजस्व वाद के मामलों को निपटाने में दिखाएं तेजी

- सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से डीएम ने की राजस्व से जुड़े विभागों की समीक्षा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। बुधवार की सुबह जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में राजस्व विभाग से संबंधित सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही योजनाओं और राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की गहन समीक्षा की और उनके त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। बैठक का संचालन एडीएम संजय कुमार सिंह ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व वादों के निस्तारण के लिए मिशन मोड में कार्यवाही की जाए। पुराने लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। सभी एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयो की स्वयं नियमित रिव्यू करे। विभिन्न धाराओं के तहत वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। नामातंरण, पैमाइश, भू उपयोग परिवर्तन और वरासत आदि आम आदमी से जुड़े मामले किसी भी दशा में लंबित नहीं रहने चाहिए। तय समय सीमा के भीतर इनका निस्तारण होना ही चाहिए। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने तहसीलवार उप जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी ''न्यायिक,, तहसीलदार से उनके न्यायालय में विभिन्न धाराओं में लंबित वादों की गहन समीक्षा की। लंबित वादों के मिशन मोड में गुण दोष के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। बताते चलें कि जिलाधिकारी खुद राजस्व वादों के निस्तारण की लगातार निगरानी कर रही है।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अफसरों से सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रहे कार्यों के प्रगति की रैंकिंग के संबंध में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सभी संबंधित अफसरों को निर्देश दिए कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यो, योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें। कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं। बैठक में मुख्य रूप से एडीएम संजय कुमार सिंह, एडीएम ''न्यायिक,, एसडीएम, तहसीलदार मौजूद रहे। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने वसूली प्रमाण-पत्रों ''आरसी,, के वसूली की प्रगति की समीक्षा किया। जिलाधिकारी ने विभागवार एवं तहसीलवार आरसी वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी तहसीलदारों एवं संबंधित अधिकारियों को लम्बित आरसी का मिलान कराने के साथ ही अमीनो के साथ बैठक कर तहसील स्तर पर लंबित आरसी वसूली में प्रगति लाने के भी निर्देश दिया।

गॉलब्लैडर कैंसर से निपटने के लिए समय रहते पहचान और रोकथाम है ज़रूरी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बरेली। गॉलब्लैडर कैंसर एक मूक लेकिन गंभीर खतरा है, जो अक्सर तब तक पता नहीं चलता जब तक यह उन्नत चरण में नहीं पहुंच जाता, जिससे उपचार अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इस देरी का मुख्य कारण इसके अस्पष्ट और आसानी से नजरअंदाज किए जाने वाले लक्षण हैं, जिन्हें आमतौर पर मामूली पाचन संबंधी समस्या मानकर टाल दिया जाता है। जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि जोखिम कारकों को समझना और प्रारंभिक चेतावनी संकेतों को पहचानना मरीजों के स्वास्थ्य परिणामों में महत्वपूर्ण सुधार ला सकता है।कई मामलों में गॉलब्लैडर स्टोन्स को निकालने के दौरान बायोप्सी की आवश्यकता होती है। हालांकि गॉलब्लैडर स्टोन्स हमेशा कैंसर का कारण नहीं बनते, लेकिन लंबे समय तक इनके बने रहने से सूजन और कोशिकीय परिवर्तन का खतरा बढ़ जाता है, जिससे कैंसर विकसित हो सकता है। शोध से पता चलता है कि गॉलब्लैडर की समस्याओं, विशेष रूप से पित्ताशय की पथरी से ग्रस्त व्यक्तियों में गॉलब्लैडर कैंसर विकसित होने की संभावना पांच गुना अधिक होती है। चूंकि लगभग 85% गॉलब्लैडर कैंसर के मरीजों में पित्ताशय की पथरी पाई जाती है, इसलिए लक्षण न होने के बावजूद समय पर सर्जरी कराना एक महत्वपूर्ण निवारक उपाय हो सकता है।मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल साकेत के मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ लैप्रोस्कोपिक, एंडोस्कोपिक, बैरिएट्रिक सर्जरी एंड एलाइड सर्जिकल स्पेशलिटीज़ के चेयरमैन डॉ. प्रदीप चौबे ने कहा कि ल्लन्यूनतम इनवेसिव सर्जिकल तकनीकें, जैसे लैप्रोस्कोपिक और रोबोटिक कोलेसिस्टेक्टॉमी, मरीजों के लिए अधिक सुरक्षित और प्रभावी उपचार विकल्प प्रदान करती हैं। ये आधुनिक प्रक्रियाएँ सटीकता सुनिश्चित करती हैं, असहजता को कम करती हैं, तेजी से रिकवरी में मदद करती हैं और बेहतरीन कॉस्मेटिक परिणाम देती हैं। इनके तात्कालिक लाभों के अलावा, ये गॉलब्लैडर स्टोन्स से जुड़ी जटिलताओं, जिनमें कैंसर का खतरा भी शामिल है, को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उपचार में देरी के बजाय प्रारंभिक हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करना अनावश्यक जीवन हानि को रोक सकता है और दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार कर सकता है।ल्लगॉलब्लैडर कैंसर के लक्षण अक्सर सूक्ष्म होते हैं और आम पाचन संबंधी समस्याओं के रूप में भ्रमित हो सकते हैं। इनमें लगातार पेट में तकलीफ, विशेष रूप से ऊपरी दाहिनी ओर दर्द, मतली, उल्टी, भूख में कमी, बिना वजह वजन घटना और पीलिया शामिल हैं। इन लक्षणों की अस्पष्ट प्रकृति के कारण अक्सर इन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे निदान और उपचार में देरी होती है। इन प्रारंभिक लक्षणों को पहचानना और समय पर चिकित्सा परामर्श लेना परिणामों में महत्वपूर्ण सुधार ला सकता है।डॉ. चौबे ने आगे बताया कि ल्लहालांकि गॉलब्लैडर कैंसर के सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन कुछ जोखिम कारकों की पहचान की गई है। गॉलब्लैडर स्टोन्स सबसे महत्वपूर्ण जोखिम कारक हैं, हालांकि सभी गॉलब्लैडर स्टोन्स वाले व्यक्तियों में कैंसर नहीं होता। पुरानी गॉलब्लैडर सूजन, कोलेसिस्टाइटिस जैसी स्थितियाँ और कैल्सीफाइड गॉलब्लैडर (पोर्सिलेन गॉलब्लैडर) भी खतरे को बढ़ाते हैं। अन्य जोखिम कारकों में बढ़ती उम्र, महिला होना, मोटापा और पारिवारिक इतिहास शामिल हैं। इन जोखिम कारकों की जानकारी से व्यक्तियों और स्वास्थ्य पेशेवरों को निवारक उपाय अपनाने और प्रारंभिक चेतावनी संकेतों के प्रति सतर्क रहने में मदद मिलती है।ल्लगॉलब्लैडर कैंसर का निदान भयावह हो सकता है, लेकिन चिकित्सा विज्ञान में प्रगति लगातार उपचार के विकल्पों और जीवित रहने की दर को सुधार रही है। प्रारंभिक पहचान सफल परिणामों की कुंजी है, जो जागरूकता, निवारक स्वास्थ्य देखभाल और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप के महत्व को और भी मजबूत बनाती है। बेहतर समझ और सतर्कता को बढ़ावा देकर, इस अक्सर अनदेखी की जाने वाली बीमारी से कई जीवन बचाए जा सकते हैं।

छिनैती की घटना का खुलासा, दो गिरफ्तार

बरेली। सीबीगंज थाना क्षेत्र में मोबाइल छिनैती की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का मोबाइल फोन और दो अवैध चाकू बरामद किये हैं। जानकारी के मुताबिक 18 मार्च की शाम को कुलदीप मौर्य खलीलपुर तिराहे से गुजर रहे थे, तभी दो युवकों ने उनका ओप्पो मोबाइल फोन छीन लिया। और भाग गए । इसके बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की तो मामले की जांच शुरू हुई। सीबीगंज पुलिस ने एक सूचना पर इंद्रा नगर कॉलोनी के पीछे बने मैदान से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान शुलभ सिंह और विजय उर्फ कल्लू के रूप में हुई है। दोनों सीबीगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे रास्ते में आने-जाने वाले लोगों और बच्चों से मोबाइल छीनते थे। चोरी के बाद वे सिम कार्ड निकालकर फेंक देते थे और मोबाइल को छिपा देते थे।

मुठभेड़ में चोर पुलिस की गोली से घायल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बरेली। बारादरी पुलिस ने एक शातिर चोर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। हालांकि घटना में आरोपी पुलिस की गोली लगने से घायल भी हुआ है। आरोपी पर जिले में कई गंभीर धाराओं में पहले से मुकदमें दर्ज है।

आरोपी फहीम पुत्र रफीक उर्फ महकू है। वह हजियापुर चुंगी थाना बारादरी का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार रात को बारादरी थाना पुलिस टीम हारूननंगला रोड पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया। तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और भागने लगा। जब पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तो आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई। आरोपी के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक चोरी का टैबलेट और अवैध तमंचा सहित कई कारतूस बरामद किए है । पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी पेशेवर चोर है और कई बार जेल जा चुका है। वह सुनसान जगहों और बैंकों के आसपास खड़ी कारों के शीशे तोड़कर या लॉक खोलकर चोरी करता है।

'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम में शुरूआती एकादश में जगह पाने के लिए पूरी तरह ऑलराउंडर होना होगा: पंड्या

एजेंसी

मुंबई। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने बुधवार को कहा कि अब जब विवादास्पद 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम तीन साल के लिए बढ़ा दिया गया है तो एक क्रिकेटर को शुरुआती एकादश में जगह पाने के लिए शुद्ध रूप से ऑलराउंडर होना चाहिए। इस नियम में एक टीम को मैच के बाद के चरण में अपनी अंतिम एकादश में से एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है। टीमें स्थिति की मांग के अनुसार बल्लेबाजी या गेंदबाजी विशेषज्ञ को लाती हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित शर्मा सहित कुछ मुख्य भारतीय खिलाड़ियों की आपत्तियों के बावजूद इस नियम को

कम से कम 2027 चरण तक बढ़ा दिया है। रोहित ने कहा था कि 'इम्पैक्ट प्लेयर' की रणनीति भारतीय ऑलराउंडरों के विकास को रोक रही है और टीमें खेल के दौरान उनकी जगह एक अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज को शामिल करती हैं। पंड्या ने सत्र की शुरूआती प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''मौजूदा परिदृश्य में अगर आप पूरी तरह से 50-50 ऑलराउंडर नहीं हैं तो अपनी जगह पाना मुश्किल हो जाता है। देखते हैं कि आगे चलकर यह नियम बदल सकता है या बदलेगा। लेकिन हां, निश्चित रूप से अगर आप अधिक ऑलराउंडरों को प्रोत्साहित करना चाहते हैं तो उन्हें टीम में एक निश्चित स्थान की जरूरत होगी। पंड्या पिछले साल धीमी ओवर गति के उल्लघंन के कारण एक मैच के लिए निलंबित हैं जिससे वह रविवार को मुंबई इंडियंस के चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाएंगे जिससे सूर्य कुमार यादव टीम की अगुआई करेंगे। पिछले सत्र में मुंबई इंडियंस में पंड्या की वापसी इतनी आसान नहीं रही थी और यह प्रतिष्ठित फ्रेंचाइजी 10 टीम में आखिरी स्थान पर रही थी। उन्हें घरेलू प्रशंसकों ने हूट भी किया था।

पांच आईपीएल खिताबों को देखते हुए मुंबई इंडियंस का 2021 से प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इस हरफनमौला ने कहा कि वह पिछले एक साल में भारतीय टीम के साथ दो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) खिताब जीत चुके हैं और इसी आत्मविश्वास को जारी रखकर चलेंगे। पंड्या ने कहा, ''भारत के लिए खेलना हमेशा ही गर्व की बात है।

बुमराह का नहीं होना एक चुनौती है, मुंबई इंडियंस के कोच जयवर्धने

मुंबई। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने जसप्रीत बुमराह की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के लिए कोई समय सीमा नहीं बताई और कहा कि इस तेज गेंदबाज की अनुपस्थिति इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में उनकी टीम के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। बुमराह पीठ की चोट के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती कुछ मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह अभी बेंगलुरु में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में 'रिहैबिलिटेशन' की प्रक्रिया में हैं। जयवर्धने ने बुधवार को यहां मुंबई इंडियंस की सत्र पूर्व आयोजित प्रेस कांफ्रेस में कहा, ''जसप्रीत बुमराह एनसीए में हैं। हमें बुमराह के बारे में उन पर फीडबैक का इंतजार करना होगा। फिलहाल सब ठीक चल रहा है, दिन-प्रतिदिन प्रगति हो रही है। मुंबई के कोच ने कहा, ''वह अच्छी स्थिति में हैं।

जॉश कॉब ने पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लिया वारविकशायर अकादमी के लीड कोच बने

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड के अनुभवी क्रिकेटर जॉश कॉब ने मंगलवार को पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। वह अब वारविकशायर के बॉयज़ अकादमी लीड के रूप में अपनी नई भूमिका निभाएंगे।

34 वर्षीय कॉब ने 2007 में लीसेस्टरशायर के लिए पदार्पण किया था और अपने करियर में 448 पेशेवर मैच खेले। इस दौरान उन्होंने नॉर्थम्पटनशायर और वॉरसेस्टरशायर का भी प्रतिनिधित्व किया। वह 2013 में बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) विजेता रहे, जब उन्होंने ढाका ग्लैडिएटर्स के लिए खेला था। इसके अलावा, वह 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट में वेल्श फायर टीम के कप्तान भी रहे। कॉब टी 20 ब्लास्ट फाइनल में दो बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने जाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। 2011 में,

उन्होंने लीसेस्टरशायर की जीत में 4/22 की शानदार गेंदबाजी की थी, जबकि 2016 में नॉर्थम्पटनशायर के लिए 48 गेंदों में 80 रनों की निर्णायक पारी खेलकर टीम को दूसरी बार खिताब दिलाया था। क्रिकेट से संन्यास के बाद, अब वह कोचिंग में अपना करियर बनाएंगे। पिछले साल इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलियाई वनडे टीम के साथ उन्होंने कंसल्टेंट कोच के रूप में काम किया था। उनके पिता रसेल कॉब भी लफबरो यूनिवर्सिटी में कोचिंग सेटअप का हिस्सा हैं, और अब जॉश भी उनके पदचिन्हों पर चल रहे हैं। संन्यास की घोषणा करते हुए जॉश कॉब ने कहा,''पिछले 18 वर्षों में क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मैंने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन यह एक शानदार सफर रहा। लॉर्ड्स में 18 साल की उम्र में पहला शतक और दो बार टी 20 ब्लास्ट फाइनल जीतना मेरी सबसे खास यादों में रहेगा। वारविकशायर अकादमी से हाल के वर्षों में जैकब बेथेल और डैन मूसली जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी निकले हैं। अपनी नई भूमिका के बारे में कॉब ने कहा, मेरा लक्ष्य घरेलू खिलाड़ियों को विकसित करना है, ताकि वे वारविकशायर और इंग्लैंड के लिए खेल सकें। यह एक प्रतिष्ठित क्लब है, और मैं इस चुनौती को लेकर उत्साहित हूं।

संक्षिप्त समाचार

नोवाक जोकोविच द्वारा स्थापित खिलाड़ियों के संघ ने टेनिस आयोजकों के खिलाफ मुकदमा किया

मियामी गार्डन्स (फ्लोरिडा)। पेशेवर टेनिस के प्रभारी समूहों को 'कार्टेल' कहते हुए, नोवाक जोकोविच द्वारा सह-स्थापित खिलाड़ियों के संघ ने न्यूयॉर्क में संघीय अदालत में महिला और पुरुष टूर्स, अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ और खेल की अखंडता एजेंसी के खिलाफ एक अविश्वास मुकदमा दायर किया। पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों के संघ ने इसमे कहा कि खेल का संचालन करने वाले संघठनों ने खिलाड़ियों के भुगतान और खेलने के हालात पर पूरा नियंत्रण कर लिया है । इसमें यह भी कहा गया कि उनकी व्यवस्था राज्य और संघीय कानून का सरासर उल्लंघन है जो ल्लपेशेवर टेनिस की सामान्य बाजार की ताकतों से रक्षा करती है और पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों और अन्य उद्योग प्रतिभागियों को निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के उनके अधिकार से वंचित करती है । उन्होंने मामले की जूरी द्वारा सुनवाई की मांग की और कहा कि खिलाड़ियों की कमाई बढनी चाहिये क्योंकि चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों (विम्बलडन, अमेरिकी ओपन, फ्रेंच ओपन और आस्ट्रेलियाई ओपन) और अन्य पेशेवर टूर्नामेंटों का संचालन करने वाली ईकाइयों ने पुरस्कार राशि की सीमा तय कर रखी है और कोर्ट से इतर भी खिलाड़ियों की कमाने की क्षमता पर उनका नियंत्रण है। खिलाड़ियों के संघ ने अमेरिकी जिला न्यायालय के साथ ही ब्रसेल्स में यूरोपीय आयोग और लंदन में प्रतिस्पर्धा बाजार प्राधिकरण के समक्ष भी आवेदन दाखिल किए। संघ के वकील जिम क्विन ने कहा, 'पेशेवर टेनिस में प्रतिस्पर्धा का पूर्ण और नितांत अभाव है और हमारा मानना है कि इस कार्रवाई के जरिये हम उस तरह की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देंगे जो खिलाड़ियों, प्रशंसकों और वास्तव में इस व्यवस्था को संचालित करने वाले लोगों के लिए निष्पक्ष होगी। वहीं डब्ल्यूटीए और एटीपी टूर ने अलग अलग बयान में कहा कि वे अपना बचाव पुरजोर तरीके से करेंगे।

लवलीना और असम के अन्य मुक्केबाजों को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने से रोक रहे कलिता: अजय सिंह

नयी दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि हाल में निलंबित किए गए बीएफआई महासचिव हेमंत कलिता ओलंपिक कांस्य विजेता लवलीना बोरगोहेन को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने से रोक रहे हैं। सिंह ने यहां एक आपात प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि तोक्यो ओलंपिक में 69 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाली लवलीना ग्रेटर नोएडा में बृहस्पतिवार से शुरू हो रही घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहती हैं लेकिन कलिता ने उन्हें टूर्नामेंट से हटने के लिए कहा है जो असम मुक्केबाजी संघ में सचिव के पद पर काबिज हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन द्वारा की गई जांच में कलिता वित्तीय कुप्रबंधन के दोषी पाए गए हैं। सिंह ने कहा, ''असम मुक्केबाजों को महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने से हतोत्साहित कर रहा है। लवलीना ने प्रतियोगिता के समर्थन में एक वीडियो रिकॉर्ड किया है। लेकिन अधिकारियों को फोन आया है कि हेमंत कलिता ने उन्हें भाग नहीं लेने के लिए कहा है। असम मुक्केबाजी में लवलीना का बहुत बड़ा योगदान है इसलिए वह अपनी भागीदारी पर पुनर्विचार कर रही हैं। कलिता ने आरोप का तुरंत जवाब नहीं दिया है। वह जल्द ही होने वाले बीएफआई चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवारों में से एक थे, लेकिन उनका नामांकन इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि उन्हें संस्था में अलग भूमिकाओं में दो कार्यकाल पूरा करने के बाद 'कूलिंग ऑफ पीरियड' से गुजरना होगा।

अदाणी समूह बना पेशेवर गोल्फ चैंपियनशिप का हिस्सा

नयी दिल्ली। अदाणी समूह देश में पेशेवर गोल्फ की शीर्ष संस्था पीजीटीआई के साथ मिलकर 'अदाणी आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप 2025' के आयोजन के साथ भारतीय पेशेवर गोल्फ में कदम रखने जा रहा है। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन टूर्नामेंट एक-चार अप्रैल को ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिजॉर्ट में आयोजित किया जाएगा। इसकी पुरस्कार राशि 1.5 करोड़ रुपये रखी गई है। अदाणी समूह ने बयान में कहा कि इस गोल्फ चैंपियनशिप के जरिये गोल्फ की पहुंच को बढ़ावा देने और मुख्यधारा के खेल के रूप में इसकी स्थिति सुधारने का उद्देश्य रखा गया है। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक प्रणव अदाणी ने कहा, ''हम कपिल देव और प्रोफ़ेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के साथ हाथ मिलाकर भारतीय पेशेवर गोल्फ के विकास में योगदान देने के लिए उत्साहित हैं। हमारा लक्ष्य गोल्फ में भारत में विश्व चैंपियन तैयार करना है। इस अवसर पर पीजीटीआई के अध्यक्ष एवं दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव ने कहा कि अदाणी समूह के समर्थन से पेशेवर गोल्फ टूर को भारत से चैंपियन गोल्फ खिलाड़ी तैयार करने में मदद मिलेगी, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश को गौरवान्वित करेंगे।

तेलंगाना सरकार ने 2025-26 के लिए 3.05 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया

हैदराबाद। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए करीब 3.05 लाख करोड़ रुपये का बजट बुधवार को पेश किया। अपनी 'छह चुनावी गारंटियों' के क्रियान्वयन के लिए सरकार ने बजट में 56,000 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि आवंटित की है। राज्य के उप-मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने राज्य विधानसभा में वित्तीय दस्तावेज पेश करते हुए कहा कि बजट में करीब 2.27 लाख करोड़ रुपये के राजस्व व्यय और 36,504 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का अनुमान है। उन्होंने कहा, मैं वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल 3,04,965 करोड़ रुपये का व्यय प्रस्तावित कर रहा हूं, जिसमें राजस्व व्यय 2,26,982 करोड़ रुपये और पूंजीगत व्यय 36,504 करोड़ रुपये होगा।'' मंत्री ने इसे 'कल्याण और विकास के बीच सही संतुलन' करार दिया। कांग्रेस सरकार की 'छह चुनावी गारंटियों' में महिलाओं के लिए 2,500 रुपये प्रति माह, 500 रुपये में गैस सिलेंडर और महालक्ष्मी योजना के तहत राज्य संचालित आरटीसी बसों में मुफ्त यात्रा और रायथु भरोसा के तहत किसानों तथा बटाईदार किसानों को 15,000 रुपये प्रति एकड़ की राशि देना शामिल है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए डिवाइन, केर, और ताहूहू की न्यूजीलैंड टीम में वापसी

वेलिंगटन। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 21 मार्च से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए अनुभवी खिलाड़ी सोफी डिवाइन, अमेलिया केर और ली ताहूहू की न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम में वापसी हुई है। इस बीच, श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 सीरीज में 1-1 की बराबरी के बाद, सूजी बेट्स अंतरिम कप्तान बनी रहेंगी। वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज इसाबेला गेज़ अभी भी हिप फ्लेक्सर की चोट के कारण टीम से बाहर हैं। ऑलराउंडर सोफी डिवाइन ने जनवरी में मानसिक और शारीरिक भलाई को प्राथमिकता देने के लिए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से ब्रेक लिया था। इस दौरान वह ड्रीम11 सुपर स्मैश, विमेंस प्रीमियर लीग और श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में नहीं खेली थीं। अब वह राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रही हैं। अमेलिया केर, जो हाल ही में विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की विजेता टीम का हिस्सा थीं, भी टीम में शामिल हुई हैं।

सविता ने गोलकीपर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने पर कहा- टीम के बिना यह संभव नहीं था

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान और अनुभवी गोलकीपर सविता को हॉकी इंडिया के 7वें वार्षिक पुरस्कार 2024 में हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला) और हॉकी इंडिया बलजीत सिंह अवॉर्ड फॉर गोलकीपर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी शानदार हॉकी यात्रा में एक और उपलब्धि जोड़ता है, लेकिन सविता के लिए यह सिर्फ व्यक्तिगत सफलता नहीं बल्कि उन सभी लोगों की मान्यता है जिन्होंने उनकी इस सफलता में योगदान दिया है। तीसरी बार हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड जीतने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए सविता ने कहा, ''बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। इस साल कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, इसलिए मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह पुरस्कार मुझे मिलेगा। हर खिलाड़ी को उसकी मेहनत के लिए पहचान मिलना अच्छा लगता है

और मैं इस सम्मान के लिए आभारी हूं। उन्होंने हॉकी इंडिया की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में कहा, ''हमारी टीम में हम सब एक-दूसरे का समर्थन करते हैं और हर खिलाड़ी की सफलता की कामना करते हैं। कोई भी खिलाड़ी अकेले कुछ हासिल नहीं कर सकता, टीम के बिना यह संभव नहीं था। इस साल सविता व्यक्तिगत रूप से पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो पाईं। उन्होंने टोरंटो, कनाडा से अपने ससुराल वालों के साथ लाइव प्रसारण देखा। सविता ने यह पुरस्कार अपने परिवार को समर्पित किया और कहा, ''मेरे पति और उनका परिवार हॉकी को लेकर बहुत सहयोगी रहा है। कई खिलाड़ियों पर शादी के बाद खेल छोड़ने का दबाव होता है, लेकिन उन्होंने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे उनका समर्थन मिला। हॉकी इंडिया बलजीत सिंह अवॉर्ड फॉर गोलकीपर ऑफ द ईयर जीतने पर सविता ने अपने खेल की चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, ''हर बचाव के पीछे घंटों की मेहनत होती है। फुटवर्क, फुर्ती, रिफ्लेक्स और पोजिशनिंग पर लगातार अभ्यास किया जाता है। हमारे कोचों ने भी मेरे खेल को निखारने के लिए कड़ी मेहनत की है। पिछला साल सविता के लिए खास रहा, खासकर हीरो हॉकी इंडिया लीग में जहां उन्होंने सूरमा हॉकी क्लब की अगुवाई की।

उन्होंने कहा, ''हॉकी इंडिया ने महिला हॉकी लीग कराने का वादा पूरा किया और हम सभी इसके लिए आभारी हैं। यह टूर्नामेंट हमारे व्यक्तिगत कौशल को निखारने में बहुत सहायक रहा। सविता को इन पुरस्कारों के साथ बड़ी धनराशि भी मिली- हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड के लिए 25 लाख और हॉकी इंडिया बलजीत सिंह अवॉर्ड के लिए 5 लाख रुपये। उन्होंने इस पर कहा, ''पहले के वर्षों में हमें विश्वास नहीं होता था कि हमें इतनी बड़ी राशि भी मिल सकती है। यह सिर्फ सम्मान का विषय नहीं है, बल्कि हमें अपने परिवार और प्रियजनों की देखभाल करने का अवसर भी देता है। भारत में बहुत कम खेलों में महिलाओं को इतनी बड़ी पहचान और अवसर मिलते हैं। आने वाले समय में सविता का ध्यान अगले साल के वर्ल्ड कप और एफआईएच महिला प्रो लीग पर रहेगा। उन्होंने कहा, ''जब देश हमें इतना सम्मान और प्रोत्साहन देता है, तो यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ दें। इन पुरस्कारों के साथ एक जिम्मेदारी भी जुड़ती है। भारत के हालिया प्रदर्शन पर बात करते हुए उन्होंने कहा, ''हमने एफआईएच महिला प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण में कुछ शानदार प्रदर्शन किए। खासकर नीदरलैंड्स को शूटआउट में हराना हमारे लिए एक बड़ी जीत थी। यह मेरी इस साल की सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस में से एक थी। उम्मीद है कि हम आगे और बेहतर करेंगे।

सरकार ने कुछ इस्पात उत्पादों पर 12 फीसदी सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश की

इस्पात उत्पादों पर 200 दिन के लिए 12 फीसदी सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने हाल में आयात में वृद्धि से घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति से बचाने के लिए कुछ इस्पात उत्पादों पर 200 दिनों के लिए 12 फीसदी सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश की है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने जारी एक अधिसूचना में घरेलू इस्पात उत्पादकों को आयात में वृद्धि से

बचाने के उद्देश्य से कुछ इस्पात उत्पादों पर 200 दिन के लिए 12 फीसदी का अस्थायी सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश की है। अधिसूचना के मुताबिक इस शुल्क पर अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेगा। यह सुरक्षा शुल्क एक अस्थायी टैरिफ अवरोध है, जो घरेलू इस्पात उद्योगों को आयात में वृद्धि से बचाने के लिए लगाया जाता है। डीजीटीआर ने 18 मार्च को जारी एक अधिसूचना में कहा है कि ऐसी गंभीर परिस्थितियां मौजूद हैं, जहां अनंतिम सुरक्षा उपायों के लिए आवेदन में किसी भी प्रकार की देरी से ऐसी क्षति होगी, जिसकी मरम्मत करना कठिन होगा। अनंतिम सुरक्षा उपायों को तत्काल लागू करने की आवश्यकता है। अधिसूचना के अनुसार प्राधिकरण विचाराधीन उत्पाद के आयात पर अंतिम निर्धारण होने तक सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश करता है।'' यह 200 दिनों के लिए 12 फीसदी की दर से अनंतिम है। उल्लेखनीय है कि व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने पिछले साल दिसंबर में फैब्रिकेशन, पाइप विनिर्माण, विनिर्माण, पूंजीगत सामान, ऑटो, ट्रैक्टर, साइकिल और इलेक्ट्रिकल पैनल सहित विभिन्न उद्योगों में उपयोग किए जाने वाले गैर-मिश्र धातु एवं मिश्र धातु इस्पात 'फ्लैट' उत्पादों के आयात में अचानक वृद्धि की जांच शुरू की थी। इस जांच में निदेशालय ने प्रारंभिक रूप से पाया है कि भारत में इन उत्पादों के आयात में हाल ही में अचानक, तीव्र और महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जिससे घरेलू उद्योग/उत्पादकों को गंभीर क्षति पहुंचने का खतरा है।

रेज पावर इंफ्रा को 2000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की ईपीसी परियोजनाएं मिलीं

एजेंसी

नई दिल्ली। सौर ऊर्जा समाधान रेज पावर इंफ्रा लिमिटेड ने महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्य प्रदेश में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) परियोजनाएं हासिल की हैं।

रेज पावर इंफ्रा लिमिटेड ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि कंपनी को महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्य प्रदेश में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) परियोजनाएं मिली हैं। इसके अलावा असम और मध्य प्रदेश में कंपनी को 1,600 करोड़ रुपये मूल्य की ईपीसी परियोजनाओं के लिए एल1 बोलीदाता भी घोषित किया गया है, जिसके लिए लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) का इंतजार है। कंपनी के प्रबंध निदेशक केतन मेहता ने कहा, हमारी हालिया बोली जीत में मिलीं परियोजनाएं अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में हमारी उपस्थिति की पुष्टि करती है। उन्?होंने कहा कि सौर ईपीसी परियोजनाओं को क्रियान्वित करने में विशेषज्ञता के साथ-साथ रेज पावर इंफ्रा लिमिटेड सौर और हाइब्रिड अक्षय समाधानों की तैनाती में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। मेहता ने कहा कि ये नई परियोजनाएं स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को आगे बढ़ाने के लिए रेज पावर इंफ्रा की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उल्लेखनीय है कि रेज पावर इंफ्रा लिमिटेड सौर ऊर्जा पार्कों के विकास और कार्यान्वयन के व्यवसाय में है, जो ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए व्यापक, एंड टू एंड सेवाएं प्रदान करता है। इनमें स्वतंत्र बिजली उत्पादकों (आईपीपी) सह-डेवलपर्स, बड़ी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (सीपीएसयू) और कॉर्पोरेट तथा संस्थागत ग्राहकों (सीएंडआई) को इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाएं प्रदान करना शामिल है।

कोयला मंत्रालय ने राष्ट्रीय कर्मयोगी कार्यक्रम के तहत (एलएसआई) के पहले चरण का सफलतापूर्वक किया समापन

नई दिल्ली। कोयला मंत्रालय ने राष्ट्रीय कर्मयोगी कार्यक्रम के तहत बड़े पैमाने पर पहल (एलएसआई) के पहले चरण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य निदेशक स्तर तक के अधिकारियों में सेवा भाव की भावना को और सबल बनाने के लिए प्रोत्साहन देना है। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि मंत्रालय ने राष्ट्रीय कर्मयोगी कार्यक्रम के तहत व्यापक स्तर पर हस्तक्षेप (एलएसआई) के चरण-1 को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह प्रशिक्षण सत्र 27-28 फरवरी और 11-12 मार्च को सिविल सेवा अधिकारी संस्थान, नई दिल्ली में आयोजित किए गए। सार्वजनिक सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए तैयार किए गए चार परस्पर वार्तालाप प्रशिक्षण सत्रों में 120 से अधिक अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसका उद्देश्य सरकारी अधिकारियों की दक्षता और कौशल विकास को बढ़ाना है। कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव और सीबीयू प्रमुख बी. पी. पति ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए देश के भविष्य को आकार देने में सार्वजनिक सेवा की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सार्वजनिक सेवा एक प्रगतिशील राष्ट्र की आधारशिला है। यह पहल कौशल संवर्धन से कहीं आगे बढ़ते हुए सार्थक परिवर्तन लाने और नागरिकों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के हमारे दायित्व की पुष्टि है।

सर्राफा बाजार में ऑल टाइम हाई पर सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज की तेजी के कारण सोना 90 हजार रुपये के स्तर को पार करके अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इस तेजी के कारण सोना आज 810 रुपये से लेकर 890 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 90,440 रुपये से लेकर 90,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 82,900 रुपये से लेकर 83,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। कीमत में तेजी आने के

कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी भी आज 1,05,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 90,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 83,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 90,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 90,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 82,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 90,440 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 90,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 90,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 83,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 90,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 82,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 90,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 83,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की साई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

उद्यान मंत्री ने 106 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

- 07 दिव्यांगजनों को वितरित किये गये दिव्यांग उपकरण
- स्पांसरशिप योजना के तहत चयनित पात्र 11 लाभार्थियों का मिले प्रमाणपत्र
- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चयन से मातृशक्ति को मिलेगा बढ़ावा: मंत्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

रायबरेली। जनपद रायबरेली के सामुदायिक भवन रतापुर में विख हचन्दपुर की 42, सतावं 10, लालगंज 05, खीरों 15 एवं सरेनी क्षेत्र की 34 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि नियात उप्र दिनेश प्रताप सिंह रहे। इस कार्यक्रम में मंत्री, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा कुल 106 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके पूर्व प्रोबेशन विभाग द्वारा संचालित स्पांसरशिप योजना के तहत चयनित पात्र 11 लाभार्थियो का प्रमाणपत्र वितरित किये गये। इसके पश्चात मंत्री द्वारा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित उपकरण वितरण कार्यक्रम में 04 दिव्यांग लाभार्थियों को ट्राईसाईकिल 01 लाभार्थी को व्हीलचेयर एवं 01 लाभार्थी को स्मार्टकेन वितरित किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई एवं शुभकामनाये दी। उन्होंने कहा क केन्द्र व प्रदेश सरकार महिला कल्याण व महिला सशक्तिकरण के लिये प्रतिबद्ध है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चयन से मातृशक्ति को बढ़ावा मिलेगा। आज महिलायें हर क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। अपनी जिम्मेदारीयों का निर्वहन भलि भांति कर रही है जिम्मेदारी उसे ही मिलती है। जो उसका भलि भांति निर्वहन करता है। उन्होंने सीी नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सुखद जीवन की कामना करते हुए सरकार व शासन की मंशानुरूप जसेवा करने के लिये सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एसएस पाण्डये द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मोहन त्रिपाठी सहित सम्बन्धित अधिकारी व मुख्य सेविका उपस्थित रही।

कुरानिक इकोलॉजिकल सोसाइटी, ने रमजान के दौरान पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा दिया

अलीगढ़। एएमयू के केए निजामी सेंटर फॉर कुरानिक स्टडीज में कुरानिक इकोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा 'रमजान के पर्यावरणीय लाभ' विषय पर दो कार्यक्रम- एक टेबल टॉक और एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। केएएनसीक्यूएस के छात्र, शोधार्थी और संकाय सदस्यों के अलावा धर्मशास्त्र, अंग्रेजी और समाजशास्त्र विभागों के प्रतिभागियों के साथ, पवित्र महीने के पर्यावरणीय महत्व पर सार्थक चर्चा में शामिल हुए। सोसाइटी की शिक्षक प्रभारी डॉ. फायजा अब्बासी ने बताया कि कैसे रमजान उपभोग को बढ़ावा देकर स्थिरता को बढ़ावा देता है। टेबल टॉक में इस बात पर चर्चा की गई कि उपवास भोजन और पानी की बर्बादी को कम करता है, कैसे सदका और फितरा के कार्य व्यक्तिगत कार्बन फुटप्रिंट को कम करते हैं। चर्चा इस मान्यता के साथ समाप्त हुई कि रमजान के दौरान सदका-ए-जरिया के रूप में पेड़ लगाना दीर्घकालिक पर्यावरण संरक्षण में योगदान देता है। चर्चा के बाद, एक भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को रमजान और पारिस्थितिक जिम्मेदारी के बीच अंतर्निहित सामंजस्य पर अपने विचार व्यक्त करने का मौका मिला। भाषणों में उपवास के दौरान पर्यावरणीय चेतना के आध्यात्मिक और व्यावहारिक दोनों आयामों पर प्रकाश डाला गया। विजेताओं का चयन गूगल फॉर्म पर सहकर्मी-समीक्षा प्रणाली के माध्यम से किया गया, जिससे निष्पक्ष मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित हुई। प्रतियोगिता के विजेतारू प्रथम पुरस्कार श्रीमती एस.एम. मोबाशशिर और हुसैन अहमद के बीच साझा किया गया, दूसरा पुरस्कार इकरा कमरुद्दीन ने जीता और तीसरा पुरस्कार नाजिया खातून को दिया गया। केएएनसीक्यूएस के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. अरशद इकबाल ने कुरान की शिक्षाओं के साथ पर्यावरणीय व्याख्यानों को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया।

वाराणसी: काशी विद्यापीठ में छात्रों ने कुलपति कार्यालय में जड़ा ताला,धरना प्रदर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- विश्वविद्यालय परिसर में अराजक तत्वों के प्रवेश प्रतिबंधित करने की मांग

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर में बुधवार को पंत प्रशासनिक भवन में जुटे छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में अराजक तत्वों का प्रवेश प्रतिबंधित करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान कुलपति कार्यालय में ताला जड़ दिया और चीफ प्रॉक्टर के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना पाकर प्राक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों के साथ चीफ प्रॉक्टर और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने ताला खुलवाते हुए छात्रों को वहां से हटाया। इस पर छात्र प्रशासनिक भवन के सामने धरना पर बैठ गए। धरना प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने दो टूक कहा कि अराजक तत्वों का परिसर में आना रोका जाए। दरअसल कुछ दिन पहले विवि परिसर में छात्र-छात्राएं होली पर्व पर रंग गुलाल उड़ा कर नृत्य कर रहे थे। इसी बीच बाहरी युवक भी वहां पहुंच गए और अभद्रता करने लगे। छात्रों ने उन्हें रोका तो वे पत्थरबाजी कर भाग निकले। इसी को लेकर छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। छात्र नेता आशुतोष तिवारी ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय के बाहरी दीवारों के पास दुकान लगाने वाले युवकों ने ही परिसर में अराजकता की थी। छात्रों ने कहा कि विवि के दीवार के पास लगे इन अवैध दुकानों को जब तक हटाया नहीं जाएगा तब तक हम लोग प्रदर्शन करते रहेंगे। इस दौरान छात्र नेताओं ने प्राक्टोरियल बोर्ड के ऊपर भी सवाल उठाए।

दिल्ली,एनसीआर में सक्रिय तीन अपराधी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

गाजियाबाद। थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने मंगलवार की देर रात लोनी पुश्ते पर मुठभेड़ के दौरान तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो अपराधी पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि यह तीनों अपराधी दिल्ली में एनसीआर में सक्रिय थे तथा लूट, डकैती चैन लूट जैसी घटनाओं में संलिप्त रहे हैं। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि घायल आरोपियों में कासिम विहार निवासी आफताब,खुशहाल पार्क निवासी राशिद है जबकि तीसरा आरोपी अमीर है। जो राजधानी एनक्लेव राम पार्क का निवासी है। उन्होंने बताया कि ट्रोनिका सिटी पुलिस रात्रि में ठोकर नम्बर 8 पुस्ता रोड के पास चैकिंग कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक पुलिस को आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने इन्हें रुकने का इशारा किया तो यह रुके नहीं बल्कि तेजी से मोटरसाइकिल को आगे बढ़ते हुए भागने लगे लेकिन हड़बड़ाहट में उनकी मोटरसाइकिल कुछ ही दूरी पर जाकर फिसल गई और यह तीनों गिर गए। इसी दौरान दो आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इसमें आफताब व राशिद घायल हो गए जबकि तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने दौड़कर गिरफ्तार कर लिया।

संपादक मण्डल

संस्थापक/संरक्षक
संजीव श्रीवास्तव

प्रधान संपादक
हरिनाथ सिंह

समूह संपादक
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

स्थानीय संपादक
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

डा. ओम प्रकाश
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर

समन्वय संपादक
आशुतोष रंजन

समन्वय संपादक/महाप्रबंधक
अनिल तिवारी

साहित्यक संपादक
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

आध्यात्मिक संपादक
श्री राम महेश मिश्र

सह संपादक
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस(से नि.)

सह संपादक
मेजर. के. किशोर

सह संपादक
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

उप सम्पादक
प्रभात वर्मा

स्टेट क्वार्डिनेटर
विपिन सोनी

संपर्क मुख्यालय
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उप्र)

मुरादाबाद में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में यूपी बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन शुरू

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मुरादाबाद। मुरादाबाद जनपद के पांच कालेजों में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य बुधवार को शुरू हो गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया जनपद के सभी मूल्यांकन केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मूल्यांकन कार्य शुरू है। मुरादाबाद में पारकर इंटर कालेज, हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज व आरएन इंटर कॉलेज में मूल्यांकन हो रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय शतानंद शर्मा ने बताया कि 10वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के लिए पारकर इंटर कॉलेज, हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज, आरएन इंटर कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। वहीं 12वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज और जीजी हिंदू इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया है। उन्होंने बताया कि बीते दिन पारकर इंटर कॉलेज में 540 परीक्षक व उप प्रधान परीक्षकों को ट्रेनिंग दी गई थी जो कि 1 लाख उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे। हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज में 526 परीक्षक व उप प्रधान परीक्षक को प्रशिक्षण दिया गया था जो कि 78 हजार उत्तरपुस्तिकाएं चेक करेंगे। आरएन इंटर कॉलेज में 485 परीक्षक और उप प्रधान परीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया था जो 1 लाख 21 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का तथा महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में 397 परीक्षक उप प्रधान परीक्षक को प्रशिक्षण दिया गया था जो लाख 22 हजार उत्तर पुस्तिकाएं चेक करेंगे। जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में 478 परीक्षक और उप प्रधान परीक्षकों को प्रशिक्षण दिय गया है जो 1 लाख 18 हजार उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करेंगे।

एकता हत्याकांड : कमिश्नरेट पुलिस ने स्टेट मेडिको लीगल सेल से मांगा अभिमत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। शहर के चर्चित एकता गुप्ता हत्याकांड के पुलिसिया खुलासे के करीब पांच महीने बाद भी कमिश्नरेट पुलिस मौत के कारणों को स्पष्ट नहीं कर सकी। ऐसे में अब कमिश्नरेट पुलिस ने स्टेट मेडिको लीगल सेल का सहारा लिया है। एसीपी कोतवाली की ओर से जारी अनुरोध पत्र जल्द ही लखनऊ से स्टेट मेडिको लीगल सेल की टीम मौत के कारणों की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंच सकती है। शहर के कारोबारी राहुल गुप्ता ने पिछले वर्ष जून माह में कमिश्नेट पुलिस से गुहार लगाई थी कि जिम ट्रेनर विमल सोनी ने उनकी पत्नी एकता गुप्ता को नशीला पदार्थ खिलाकर अपहरण कर लिया है। करीब चार माह तक कमिश्नरेट पुलिस आरोपित विमल सोनी को तलाशती रही पर उसका कहीं पता नहीं चल सका। अक्टूबर माह में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर डीएम कंपाउंड से एकता का दफनाया हुआ शव बरामद कर लिया। यही नहीं मीडिया ने करीब 12 दिन बाद घटनास्थल के करीब आरोपित विमल की बाइक को डीएम आवास से खोज निकाला जिससे प्रशासन की काफी फजीहत भी हुई थी। पुलिस ने हत्यारोपित को जेल भेजते हुए खुलासा भी कर दिया, लेकिन एकता की मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका। कमिश्नरेट पुलिस ने एकता गुप्ता हत्याकांड के खुलासे के करीब पांच माह बाद भी एकता के मौत के कारणों का पता नहीं लगा सकी। ऐसे में अब कमिश्नरेट पुलिस ने स्टेट मेडिको लीगल सेल का सहारा लिया है और एसीपी कोतवाली की ओर से स्टेट मेडिको लीगल सेल को अभिमत देने के लिए पत्र लिखा गया है। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही लखनऊ से स्टेट मेडिको लीगल सेल की एक टीम शहर आएगी और घटनास्थल का दौरा करेगी।

पालतू जर्मन शेफर्ड ने मालकिन को नोच-नोच कर किया मरणासन्न, वीडियो वायरल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। जनपद के विकास नगर मोहल्ले में पालतू कुत्ते ने अपनी ही वृद्ध मालकीन पर अचानक हमला बोल दिया और उसे नोच-नोचकर मरणासन्न कर दिया। आवाज़ सुनकर बहु और पोता उठकर आये लेकिन कुत्ता पूरी तरह से पागल हो जाने के कारण कोई उसे रोक नहीं पाया। परिजन बेबस होकर देखते रहे। सूचना मिलने पर पुलिस और नगरनिगम की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कुत्ते को अपनी गिरफ्त में लेकर वृद्ध महिला को रक्तरंजित हालत में हैलेट अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देर रात वीडियो वायरल होने पर पुलिस अधिकारीयों ने घटना 4 दिन पहले होली के दिन की बताई हैं। आपको बता दे कि विकास नगर के बीमा चौराहे के पास बुजुर्ग मोहिनी त्रिवेदी (91) वर्षीय अपनी बहू किरण और पोते धीर प्रशांत त्रिवेदी के साथ रहती थीं। जबकि सिंचाई विभाग में अफसर रहे मोहिनी के पति सुंदर लाल त्रिवेदी का 20 साल पहले निधन हो चुका था।

साथ में रहने वाले बेटे विकास भवन से रिटायर दिलीप त्रिवेदी का पिछले वर्ष 26 दिसंबर को निधन हो गया था। मोहिनी के साथ में बहू किरन और पोता धीर त्रिवेदी साथ रहते थे। पोते धीर ने घर में जर्मन शेफर्ड पाल रखा था। संयोगवश एक हफ्ते पहले ही बहू और पोते दोनों के पैर और कूल्हे में फ्रैक्चर हो गया था। जिसके चलते दोनों होली वाले दिन यानी 14 मार्च की शाम अपने कमरे में लेटे थे। इसी दौरान मोहिनी किसी काम से आंगन की तरफ गईं जहां पहले से मौजूद कुत्ते ने उन पर हमला बोल दिया। चेहरे, गर्दन, पेट व शरीर के कई हिस्सों को नोच डाला। बहू और पोते के चिल्लाने पर पड़ोसी आए और पुलिस को सूचना दी। लेकिन खूंखार कुत्ते को काबू करने की कोई हिम्मत नहीं जुटा सका। करीब दो घंटे तक खूंखार कुत्ता घूम-घूम कर मोहिनी को नोचता रहा और पूरा आंगन खून से लथपथ हो गया। दो घंटे बाद रावतपुर थाने की पुलिस और नगर निगम की टीम पहुंची तब जाकर कुत्ते को कब्जे में लिया। इसके बाद बुजुर्ग महिला को हैलट ले गए, जहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी पर मृतका के पीरोड में रहने वाले बेटे रिटायर्ड विंग कमांडर संजय त्रिवेदी भी पहुंचे। अब चार दिन बाद खूंखार कुत्ते का वीडियो वायरल होने के बाद पूरा मामला सामने आया है। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि परिवार की सूचना पर रावतपुर थाने की पुलिस व नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची थी। नगर निगम की टीम ने कुत्ते को कब्जे में लेकर वृद्ध महिला को हैलेट भेजा था। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया था। परिवार के लोगों ने महिला का पोस्टमार्टम व अग्रिम कार्रवाई करने से इनकार कर शव को अपने साथ अंतिम संस्कार के लिए ले गए थे। साथ ही कुत्ते को नगर निगम के रेस्क्यू सेंटर रखा गया हैं।

सीएम योगी के नेतृत्व में हो रहा परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प, परिषदीय विद्यालय किसी कॉन्वेंट से कम नहीं

- राज्यमंत्री ने किया ग्रेटर नोएडा में हाईटेक परिषदीय विद्यालय लोकार्पण
- स्कूलों से होकर गुजरता है विकसित भारत का रास्ता: संदीप सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

ग्रेटर नोएडा। योगी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव ला रही है। मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के मथुरापुर दादरी में हाईटेक और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित प्राथमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों का अभूतपूर्व कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि अगर देश को विकसित बनाना है तो विद्यालयों को आधुनिक और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करना होगा, क्योंकि भारत के भविष्य का रास्ता इन्हीं विद्यालयों से होकर गुजरता है। इस अवसर पर पूर्व की सरकारों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक ऐसे विद्यालयों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। पहले स्कूलों की स्थिति बहुत खराब थी। पढ़ाने के लिए ब्लैकबोर्ड नहीं होते थे, बच्चों के बैठने के लिए सीट नहीं थी, छत से पानी टपकता था। लेकिन अब प्रदेश में ऐसा कोई विद्यालय नहीं है, जहां मूलभूत सुविधाएं न हों। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन कायाकल्प' के जरिए सरकार यूपी के स्कूलों का कायाकल्प कर रही है। प्रदेश के 1 लाख 30 हजार परिषदीय विद्यालयों में 1 करोड़ 57 लाख से अधिक बच्चों को अत्याधुनिक शिक्षा दी जा रही है। इन विद्यालयों में कुल 19 पैरामीटर पर कार्य किया गया है, जिनमें से 97 प्रतिशत लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं।

संदीप सिंह ने विद्यालय के नवनिर्मित भवन की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यालय कान्वेंट और पब्लिक स्कूलों से किसी भी मायने में कम नहीं है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार सिर्फ विद्यालयों के ढांचे को आधुनिक नहीं बना रही, बल्कि शिक्षकों को भी उच्च स्तरीय सुविधाएं देकर उन्हें शिक्षण कार्य में पूरी तरह सक्षम बना रही है। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक निजी स्कूलों के शिक्षकों से कहीं अधिक योग्य और दक्ष हैं।

बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि योगी सरकार 57 जिलों में 'सीएम मॉडल स्कूल' बना रही है। प्रत्येक स्कूल को 30 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। ये विद्यालय पूरी तरह डिजिटल और स्मार्ट क्लासरूम से लैस होंगे, जहां विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिलेगी। संदीप सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में बच्चों तक स्मार्टफोन, टैबलेट और अन्य गैजेट्स की पहुंच पहले से कहीं अधिक हो गई है। यूपी सरकार भी बच्चों को टैबलेट और स्मार्ट डिवाइस उपलब्ध करा रही है, ताकि वे आधुनिक शिक्षा पद्धति से जुड़ सकें। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि गैजेट्स का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल बच्चों के लिए हानिकारक हो सकता है। इसलिए, बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए सरकार ने विद्यालयों में खेलकूद, नैतिक शिक्षा और अन्य गतिविधियों को भी प्रोत्साहित किया है।

इस हाईटेक विद्यालय की एक और खासियत यह है कि इसके प्रत्येक कक्षा का नाम किसी महान विभूति के नाम पर रखा गया है। विद्यालय में क्लासरूम के नाम वशिष्ठ कक्ष, विश्वामित्र कक्ष, द्रोणाचार्य कक्ष, वाल्मीकि कक्ष रखे गए हैं। भवन निर्माण करते समय परिसर में मौजूद एक भी पेड़ नहीं काटा गया। विद्यालय परिसर में 100 से अधिक पेड़ हैं। क्लासरूम में स्मॉर्ट बोर्ड, बेंच, आलमारी है। प्रकाश और वेंटिलेशन का विशेष ध्यान रखा गया है। यह यूपी का सबसे अधिक 40 केएलडी वॉटर हारवेस्टिंग क्षमता वाला प्राथमिक विद्यालय है। यह न केवल विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति और इतिहास से जोड़ने का कार्य करेगा, बल्कि उन्हें प्रेरित भी करेगा। यूपी का यह पहला प्राथमिक विद्यालय है, जिसकी जल संरक्षण प्रणाली 40 केएलडी वॉटर हार्वेस्टिंग क्षमता वाली है। इस विद्यालय में क्लासरूम पूरी तरह डिजिटल और स्मार्ट बोर्ड से लैस हैं। प्रत्येक कक्षा में बेंच, अलमारी, उचित वेंटिलेशन और प्रकाश व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण अनुभव मिल सके। बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चा आधुनिक शिक्षा से जुड़े, संसाधन की कमी के कारण उसके भविष्य पर कोई असर न पड़े।